दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार ,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



अमन लेखनी



मन को एकाग्र रखे माइंडफुलनेस

डायबिटीज से बचाव के लिए बनें सजग रहें सुरक्षित

वर्ष : 12 | अंक : 314 | लखनऊ, 13 नवम्बर ,शुक्रवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

खबर संक्षेप

31 आप उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी

नई दिल्ली। पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए आप ने गुरुवार को उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की। नई दिल्ली में राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक के बाद 31 नामों का ऐलान किया गया। पार्टी ने नए चेहरों को मौका दिया है। सीएम भगवंत मान कहा कि सर्वे में जो उम्मीदवार को आगे रह हैं उन्हें टिकट दी गई है।



आग लगने से एक परिवार के चार सदस्यों की मौत

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के कुरुंग कुमे जिले के एक कस्बे में गुरुवार तड़के आग लगने से एक परिवार के कम से कम चार सदस्यों की मौत हो गई और करीब 24 घर जल गए। मृतकों में एक महिला और उसके तीन नाबालिग बच्चे शामिल हैं। बच्चों में दो बेटे और एक बेटी है जबकि महिला का पति गंभीर रूप से घायल हो गया है। मृतकों की पहचान



गोवा के लिए वंदे भारत को हरी झंडी देंगे प्रधानमंत्री

नई दिल्ली। बेंगलुरु से मडगांव को जोड़ने वाली नई वंदे भारत एक्सप्रेस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को हरी झंडी दिखाएंगे। पीएम मोदी बेंगलुरु से इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे और उसके बाद इस ट्रेन की सेवा रविवार से आम जनता के लिए शुरू हो जाएगी जिसकी बुकिंग ऑनलाइन शुरू हो चुकी है।



बेकाबू कार पलटी, पति-पत्नी की मौत, 2 जख्मी

अहमदाबाद। अहमदाबाद के धोलेरा-अहमदाबाद एक्सप्रेसवे पर गुरुवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। कार के बेकाबू होकर पलटने से एक व्यक्ति और उसकी पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी 8 साल की बेटी और बुजुर्ग मां गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा सुबह करीब 9 बजे हुआ।



उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए अब नए गठबंधन का ऐलान

ओवैसी-एएसपी ने बनाया 'सामाजिक परिवर्तन मोर्चा', चंद्रशेखर होंगे मुख्यमंत्री का चेहरा

डॉ. राजकुमार सिंह चौहान
प्रधान संपादक / नई दिल्ली,

गठबंधन का उद्देश्य दलित और मुस्लिम वोटों को एक मंच पर लाना

उत्तर प्रदेश में साल 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश की राजनीति में नए गठबंधन की घोषणा हो गई है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने हाथ मिला लिया है। दोनों नेताओं ने गुरुवार को लखनऊ में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपने गठबंधन का ऐलान किया। इस गठबंधन को 'सामाजिक परिवर्तन मोर्चा' नाम दिया गया है। इस घोषणा के बाद प्रदेश की सियासत में 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर नए राजनीतिक समीकरणों की चर्चा शुरू हो गई है। इस गठबंधन का मुख्य उद्देश्य दलित और मुस्लिम वोटों को एक मंच पर लाना तथा युवाओं, किसानों और कमजोर वर्गों के अधिकारों की आवाज उठाना है।माना जा रहा यह गठबंधन सपा के पीडीए समीकरण के सामने एक नई चुनौती पेश कर सकता है, जबकि विपक्षी दलों का आरोप है कि इससे भाजपा को चुनावी फायदा मिल सकता है।



संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस की

सभी 403 सीटों पर चुनाव लड़ेगा मोर्चा

दोनों नेताओं ने बताया कि उनका मोर्चा उत्तर प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों पर मिलकर चुनाव लड़ेगा। इसके साथ ही ओवैसी ने चंद्रशेखर को मोर्चे की ओर से मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किया। चंद्रशेखर और ओवैसी ने गठबंधन के जरिए प्रदेश की सभी विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कही है। दोनों दलों का कहना है कि वे मिलकर राजनीतिक भागीदारी, अधिकार और सामाजिक परिवर्तन के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएंगे।

चंद्रशेखर को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया

इस दौरान सबसे अहम बात यह रही कि ओवैसी ने चंद्रशेखर को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया। इस घोषणा के साथ ही सामाजिक परिवर्तन मोर्चे ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अपना प्रमुख चेहरा भी सामने रख दिया है। हालांकि, इस गठबंधन को चुनाव में कितना समर्थन मिलता है, यह आने वाले समय में उम्मीदवारों के चयन और जनता के बीच पहुंच से साफ होगा। अब मोर्चा के गठन के बाद प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज होने की संभावना है।

सभी जान रहे आजम किसकी वजह से जेल में हैं?अब्दुल बराबरी पर है: ओवैसी

ओवैसी ने कहा कि मोर्चा यूपी में मजबूत विकल्प होगा। हम बीजेपी को तीसरी बार आने से रोकेंगे। किसानों के मसले पर हम लड़ेंगे। हम राजनीति फ्यूचर के लिए करेंगे। अब्दुल मुद्दा बन गया है, अब्दुल दरी नहीं बिछा रहा है।अब्दुल बराबरी पर है, हम उसके साथ है।इसके अलावा चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि आजम खान किसकी वजह से जेल में हैं, सबको मालूम है, सिर्फ वोट के खातिर उनका इस्तेमाल हुआ। कोई उनकी लड़ाई नहीं लड़ा। 2012 के बाद से हमारे ऊपर अत्याचार हो रहा है। ये सरकार केवल व्यापारी की बात करती है हम सरकार बनाएं तब क्वालिटी शिक्षा देंगे। अस्पताल दुरुस्त करेंगे, नौकरी देंगे।

कांग्रेस के मसूद बोले

हमें डेंट कर किसी और को फायदा...

इस गठबंधन को लेकर कांग्रेस पार्टी के नेता और सहारनपुर के सांसद इमरान मसूद ने कहा कि राजनीति का अधिकार सभी को है, सब अपने तरीके से राजनीति भी करते हैं। जब उनसे सवाल किया गया कि क्या एसपीएम उनके गठबंधन को डेंट पहुंचाएगा, तो उन्होंने कहा कि डेंट होने से किसे फायदा होगा? किसी और को फायदा पहुंचाना चाहते तो हमें डेंट करके तो पहुंचा दीजिए।



जेल में आजम से मिले शिवपाल



उनका लगातार उत्पीड़न हो रहा

सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव गुरुवार को गाजियाबाद जिला कारागार पहुंचे। उनकी यह यात्रा जिला कारागार में बंद पार्टी के कद्दावर नेता आजम खान से मुलाकात करने के लिए थी। शिवपाल यादव के आगमन पर सैकड़ों की संख्या में सपा के कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। यह स्वागत गाजियाबाद के वेदांता टोल प्लाजा पर किया गया था।

इनका मकसद भाजपा को हटाना नहीं है

इस गठबंधन को लेकर शिवपाल ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ओवैसी और चंद्रशेखर भाजपा को सत्ता से नहीं हटाना चाहते हैं।

अभिषेक के आवास के बाहर चला बुलडोजर

फुटपाथ से हटाया गया अस्थायी ढांचा, गेट को कटर से काटा



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद अभिषेक बनर्जी के कोलकाता स्थित आवास के बाहर बृहस्पतिवार को नगर निकाय ने बुलडोजर चलाकर फुटपाथ पर बना बांस का अस्थायी ढांचा हटा दिया। अधिकारियों ने पैदल यात्रियों की आवाजाही में कथित बाधा बन रहे लोहे के गेट को भी बैस कटर से काटकर हटा दिया। यह कार्रवाई बनर्जी के 121, कालीघाट रोड स्थित आवास के बाहर भारी पुलिस बल की मौजूदगी में की गई। इस दौरान कोलकाता पुलिस और केंद्रीय बलों के जवान तैनात थे। नगर निकाय के कर्मचारियों ने पहले बुलडोजर से ढांचे को गिराया और फिर बांस के खंभे हटाकर फुटपाथ खाली कराया। बनर्जी ने कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बुलडोजर उनकी आवाज को दबा नहीं सकते और न ही उनका संकल्प तोड़ सकते हैं।

अभिषेक बोले लड़ाई जारी रहेगी

अभिषेक ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मैं 'बांग्ला विरोधियों' के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखूंगा। मैं अपनी आखिरी सांस तक न तो पीछे हटूंगा और न ही एक इंच पीछे खिसकूंगा।पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री दिलीप घोष ने नगर निकाय की कार्रवाई का बचाव किया। घोष ने संवाददाताओं से कहा कि वह कार्रवाई उचित है, क्योंकि इलाके के लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। अभिषेक खुद को कानून से ऊपर समझते थे। वह ढांचा विवाद का विषय बना हुआ था। टीएमसी का कहना था कि इसे पश्चिम बंगाल सुरक्षा निदेशालय ने बनर्जी को जेड-प्लस सुरक्षा मिलने के दौरान उनकी सुरक्षा में तैनात कर्मियों के लिए बनवाया था। पार्टी ने इसे सांसद द्वारा कराया गया अनधिकृत निर्माण मानने से इनकार किया था।

अभिषेक ने ईसी को लिखी चिट्ठी

मेरी और मेरे घर-ऑफिस की निगरानी हो रही

अभिषेक ने पार्टी से जुड़े विवाद पर चुनाव आयोग में चल रही सुनवाई के बीच दस्तावेजों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने चुनाव आयोग को प्रतिनिधित्व भेजकर अपने आवास-कम-दफ्तर पर निगरानी रखे जाने और वहां दोबारा हमला होने की आशंका जताई है। अभिषेक का दावा है कि भाजपा से जुड़े लोग कुछ पुलिसकर्मियों के समर्थन और मदद से चुनाव आयोग में पेश किए जाने वाले दस्तावेजों और हलफनामों को जबरन अपने कब्जे में लेने की कोशिश कर सकते हैं।

किसानों की समृद्धि से ही मजबूत होगा देश का भविष्य, एक दशक में कृषि विकास दर 4 फीसदी से अधिक रही

विकसित भारत के निर्माण में कृषि विकास, आधुनिक खेती और किसान सशक्तीकरण की महत्वपूर्ण भूमिका: प्रधानमंत्री मोदी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में कृषि विकास, आधुनिक एवं स्मार्ट खेती और किसानों का सशक्तीकरण सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कृषि केवल भारत की अर्थव्यवस्था का आधार नहीं है, बल्कि वह देश की संस्कृति, परंपरा और जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा भी है। किसानों की समृद्धि और कृषि क्षेत्र की मजबूती के बिना विकसित भारत की कल्पना पूरी नहीं हो सकती।

प्रधानमंत्री गुरुवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 'किसान तक भारत एग्रीकल्चर कॉन्क्लेव' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत में कृषि और त्योहारों का गहरा संबंध रहा है। देश के अधिकांश त्योहार किसी न किसी रूप में खेती, फसल, प्रकृति और किसानों के जीवन से जुड़े हुए हैं। ऐसे समय में इस सम्मेलन का आयोजन हो रहा है, जब देशभर में त्योहारों का उत्साह है। यह भारतीय समाज में कृषि की सांस्कृतिक और सामाजिक महत्ता को भी दर्शाता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में देश की कृषि विकास दर चार प्रतिशत से अधिक रही है। आजादी के बाद यह पहला ऐसा दशक है, जब देश के कृषि क्षेत्र ने लगातार इतनी मजबूत विकास दर हासिल की है। उन्होंने इस उपलब्धि को कृषि क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक बदलावों और किसानों की मेहनत का परिणाम बताया।

उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र को नई दिशा देने के लिए पारंपरिक खेती के साथ आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार को अपनाना आवश्यक है। खेती को अधिक उत्पादक, लाभकारी और टिकाऊ बनाने के लिए किसानों को नई तकनीकों से जोड़ना होगा। स्मार्ट फार्मिंग और कृषि क्षेत्र में आधुनिक समाधानों का इस्तेमाल भविष्य की जरूरत है।


प्रधानमंत्री ने सम्मेलन के आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह का आयोजन कृषि क्षेत्र में सकारात्मक पहल है। उन्होंने इसे किसानों, वैज्ञानिकों, नीति निर्माताओं और उद्योग जगत के बीच संवाद तथा अनुभवों के आदान-प्रदान का महत्वपूर्ण मंच बताया। दो दिवसीय इस सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से करीब 2,000 किसान हिस्सा ले रहे हैं। इनके अलावा नीति निर्माता, राजनयिक, कृषि उद्योग से जुड़े प्रमुख प्रतिनिधि और कृषि वैज्ञानिक भी शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन का उद्देश्य कृषि क्षेत्र की चुनौतियों, संभावनाओं और भविष्य की जरूरतों पर व्यापक विचार-विमर्श करना है।

सम्मेलन में लगभग 20 प्रगतिशील किसान और पद्मश्री सम्मान से सम्मानित हस्तियां अपने अनुभव साझा करेंगी। वे किसान खेती में किए गए नवाचारों, आधुनिक कृषि पद्धतियों, विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष और अपनी सफलता की कहानियों के माध्यम से अन्य किसानों को प्रेरित करेंगे। सम्मेलन में कृषि क्षेत्र में नई संभावनाओं, किसानों की आय और उत्पादकता बढ़ाने, आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल तथा कृषि को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने जैसे विषयों पर चर्चा होने की उम्मीद है।प्रधानमंत्री का संदेश स्पष्ट है कि कृषि को केवल परंपरागत व्यवसाय के रूप में नहीं, बल्कि आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार से जुड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में विकसित करना होगा। किसानों की भागीदारी, उनकी क्षमताओं का विकास और कृषि क्षेत्र में नए प्रयोग ही विकसित भारत की मजबूत नींव तैयार करेंगे।

टेक ऑफ के दौरान रनवे से फिसल विमान पायलेट समेत सभी सुरक्षित

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

महाराष्ट्र के सोलापुर एयरपोर्ट पर गुरुवार को एक बड़ा हादसा टल गया, जब टेक-ऑफ के दौरान एक ट्रेनिंग विमान रनवे से फिसल गया। यह घटना तब हुई जब ट्रेनी पायलट विमान को टेक-ऑफ कराने की कोशिश कर रहा था, जिससे विमान रनवे से बाहर हो गया। पायलट को कोई चोट नहीं आई है। विमान में कितने लोग सवार थे, पता नहीं चल पाया है। विमान आगे की ओर झुका हुआ दिखाई दे रहा है, जिसका अगला हिस्सा जमीन को छू रहा है। वे विमान एक महिला ट्रेनी पायलट उड़ा रही थी।



पंजाब कांग्रेस ने चलाया चुनाव के पहले जनसंपर्क अभियान

'पंजाब मंगदा इंसाफ' अभियान चलाया मान सरकार पर बरसे

चमकौर साहिब से कांग्रेस ने शुरू की 'जवानी संभाल यात्रा'

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

कांग्रेस की पंजाब इकाई ने 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले जनसंपर्क अभियान के तहत गुरुवार को अपनी 'जवानी संभाल साइकिल यात्रा' शुरू की, जिसका नेतृत्व पार्टी सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने चमकौर साहिब से किया। चमकौर साहिब से यात्रा को रवाना किए जाने के मौके पर कांग्रेस महासचिव एवं पंजाब प्रभारी सचिन पायलट और पार्टी की प्रदेश इकाई के वरिष्ठ नेता मौजूद थे। जालंधर से मौजूद सांसद चन्नी पूर्व में चमकौर साहिब विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष परगट सिंह, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा और विजय इंदर सिंगला, राणा गुरजीत सिंह तथा सुखजिंदर सिंह रंधावा सहित पार्टी के अन्य नेता भी मौजूद थे।



28 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी यात्रा

8 दिन की यह यात्रा पहले चरण में 28 विधानसभा क्षेत्रों से होकर करीब 625 किमी की दूरी तय करेगी। इस मौके पर पायलट ने नशे और भ्रष्टाचार समेत कई मुद्दों को लेकर मान सरकार पर निशाना साधा। पायलट ने विश्वास जताया पंजाब में कांग्रेस सत्ता में लौटेगी। चन्नी ने कहा कि लोग आप को सत्ता से हटाने चुनाव का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने नशे, गैंगस्टर, अवैध खनन और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर मान सरकार को घेरा।

जोशी ने केवीएस की 3 प्रमुख डिजिटल पहलों का शुभारंभ किया

प्रौद्योगिकी-सक्षम, पारदर्शी एवं प्रशासनिक व्यवस्था सुदृढ़ होगी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने नई दिल्ली में केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) की 3 अहम डिजिटल पहलों का शुभारंभ किया। इनमें 'समीक्षा' एआई बॉट से युक्त एआई-सक्षम विद्या समीक्षा केंद्र , केवीएस-संवाद पेरेंट कनेक्ट एप एवं वेब पोर्टल तथा केवीएस एलुमनाई कनेक्ट पोर्टल शामिल हैं। ये पहल प्रौद्योगिकी-सक्षम, पारदर्शी एवं सुचारु प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में अहम कदम हैं। इनको राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों को साकार करने और डिजिटल इंडिया के विजन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण कदम बताया।

छात्रों के हित में स्कूली शिक्षा व्यवस्था में विस्तार किया जाएगा



जोशी ने सुझाव दिया कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (डीओएसईएल) के सहयोग से इस पहल का विस्तार केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) से आगे बढ़ाकर संपूर्ण स्कूली शिक्षा व्यवस्था तक किया जाए।

ये रहे 3 नए कदम

एआई-सक्षम विद्या समीक्षा केंद्र

एआई-सक्षम विद्या समीक्षा केंद्र छात्रों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति, शैक्षणिक प्रदर्शन, विद्यालयों के बुनियादी ढांचे और प्रवेश से संबंधित जानकारी के लिए रियल-टाइम डैशबोर्ड उपलब्ध कराता है। इसका 'समीक्षा' एआई बॉट उपलब्ध आंकड़ों का विश्लेषण कर कमियों की पहचान करता है।

केवीएस-संवाद- पेरेंट कनेक्ट एप एवं वेब पोर्टल

केवीएस-संवाद पेरेंट कनेक्ट एप एवं वेब पोर्टल से अभिभावक विद्यालय से सीधे जुड़ सकेंगे। यह प्लेटफॉर्म छात्रों की उपस्थिति, पाठ्यक्रम की प्रगति, शैक्षणिक परिणाम, शिक्षण संसाधनों और डिजिटल छात्र पहचान पत्र जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराता है।
केवीएस एलुमनाई पोर्टल : केवीएस एलुमनाई पोर्टल पूर्व छात्रों को अपने विद्यालयों तथा पूर्व छात्रों से दोबारा जुड़ने, अनुभवों को साझा करने में मदद देगा।

चार दिन में एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत से मचा कोहराम



मृतक कार्तिक



मृतक दिव्यांश



मृतका लक्ष्मी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के खण्डसरा गांव में एक ही परिवार के तीन बच्चों की चार दिन के भीतर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। तीन से दस वर्ष की उम्र के बच्चों की एक के बाद एक मौत से परिवार में कोहराम मच गया, वहीं पूरे गांव में दहशत का माहौल है। परिजनों के मुताबिक, तीनों बच्चों को पहले हल्का बुखार आया था। तबीयत बिगड़ने के बाद उनकी मौत हो गई। खास बात यह रही कि तीनों की मौत के बाद नाक और मुंह से खून निकला था। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

खण्डसरा गांव निवासी किसान आशीष कुमार ने बताया कि उनके तीन बच्चे थे। सबसे छोटा बेटा दिव्यांश (3) नौ नवंबर की दोपहर करीब ढाई बजे घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान उसे हल्का बुखार आया और अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे अस्पताल लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इसके अगले दिन दस नवंबर को बेटे कार्तिक (7) की भी इसी तरह तबीयत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। कार्तिक कक्षा एक का छात्र था। दोनों बच्चों का परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया।

आशीष के मुताबिक, दस नवंबर की रात बड़ी बेटी लक्ष्मी (10) को भी हल्का बुखार और पेट में दर्द की शिकायत हुई। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे दुबग्गा स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां बृहस्पतिवार सुबह डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। लक्ष्मी कक्षा तीन में पढ़ती थी। परिजनों का कहना है कि तीनों बच्चों की मौत के बाद नाक और मुंह से हल्का खून निकला था।

परिवार में आशीष की पत्नी अंजली और मां निर्मला भी साथ रहती हैं। चार दिन के भीतर एक ही आंगन से तीन बच्चों की अर्थियां उठने से पूरे खंडसरा गांव में कोहराम मच गया है। गांव के लोग अचानक हुई तीन मौतों के चलते जादू टोना की भी आशंका जता रहे है।

इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि परिजनों ने तीनों बच्चों की मौत का कारण और परिस्थितियां एक जैसी बताई हैं। फिलहाल किसी के खिलाफ कोई आरोप नहीं लगाया गया है। बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आवश्यकता पड़ने पर पहले मृत हुए दोनों बच्चों के शवों को भी कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

सीएमओ के निर्देश पर एसीएमओ और सर्विलांस टीम गांव पहुंची

एक ही परिवार के तीन बच्चों की रहस्यमयी मौत की खबर मिलते ही स्वास्थ्य महकमे में भी खलबली मच गई। सीएमओ के निर्देश पर एसीएमओ डॉ. बीएन यादव, जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. निशांत निर्वाण, पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. अतुल वर्मा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माल के अधीक्षक डॉ. धनंजय कुशवाहा ने चार सदस्यीय विशेषज्ञ टीम के साथ खंडसरा गांव का दौरा किया। टीम ने पीड़ित परिवार के घर और आसपास के परिवेश का बारीकी से निरीक्षण कर परिजनों व ग्रामीणों के बयान दर्ज किए।

किसी संक्रामक बीमारी के स्पष्ट लक्षण नहीं मिले

माल सीएचसी अधीक्षक डॉ. धनंजय कुशवाहा ने बताया कि बाल रोग विशेषज्ञ सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पूरे गांव और पीड़ित परिवार के घर की जांच की है। प्रारंभिक पड़ताल में परिवार या गांव में किसी गंभीर संक्रामक बीमारी के स्पष्ट लक्षण सामने नहीं आए हैं।

कोऑपरेटिव सचिव की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पेड़ से लटका मिला शव

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। ड्यूटी पर जाने की बात कहकर घर से निकले कोऑपरेटिव सचिव का शव गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में माल थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव स्थित एक बाग में आम के पेड़ से लटकता मिला। शव मिलने की खबर से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

काकोरी थाना क्षेत्र के बहरू गांव निवासी राज कपूर (33) इटौंजा स्थित साधन सहकारी समिति में कोऑपरेटिव सचिव के पद पर तैनात थे। परिजनों के मुताबिक, वह रोज की तरह गुरुवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे बाइक से ड्यूटी जाने की बात कहकर घर से निकले थे। इसके बाद उनका



मृतक राज कपूर

शव माल थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव में योगेंद्र सिंह के बाग में आम के पेड़ से प्लास्टिक की रस्सी के सहारे लटका मिला। राहगीरों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, घटनास्थल से कुछ दूरी पर मृतक की स्प्लेंडर बाइक खड़ी मिली। बाइक पर बैग टंगा हुआ था, जबकि मोबाइल फोन भी वहीं बरामद हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पिता शिवपाल, मां शिवरानी, पत्नी राखी और दो बेटे शौर्य (10) व अभिराज (8) को छोड़ गए हैं। पति की मौत से पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में माल थाना प्रभारी नवाब अहमद ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, परिजनों की ओर से अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

चार हजार के पेट्रोल के लिए कर्मचारी को डेढ़ किमी तक कार से घसीटा, तीन गिरफ्तार

(बिना नंबर प्लेट की किया सोनेट कार से पहुंचे थे आरोपी, पैसे मांगने पर नहीं रोकी गाड़ी; 345 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर पुलिस ने पकड़ा, घायल कर्मचारी का पीजीआई ट्रॉमा सेंटर में चल रहा इलाज)

अमन लेखनी समाचार

गोसाईंगंज। में चार हजार रुपये के पेट्रोल का भुगतान करने के बजाय तीन युवकों ने पेट्रोल पंप कर्मचारी की जान जोखिम में डाल दी। पेट्रोल भरवाने के बाद जब कर्मचारी ने रुपये मांगे तो आरोपियों ने कार की रफ्तार बढ़ा दी। कर्मचारी कार के दरवाजे में फंसकर करीब डेढ़ किलोमीटर तक घसीटता चला गया। इसके बाद आरोपी उसे सुनसान स्थान पर गंभीर रूप से घायल हालत में छोड़कर फरार हो गए। आठ नवंबर की सुबह हुई इस घटना में दक्षिणी जोन की सर्विलांस सेल और गोसाईंगंज पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घायल कर्मचारी सचिन कुमार का पीजीआई ट्रॉमा सेंटर में इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक, आठ नवंबर 2026 को सुबह करीब 4:20 बजे काले रंग की बिना नंबर प्लेट वाली किया सोनेट कार से तीन युवक गोसाईंगंज क्षेत्र के जीएस फिलिंग स्टेशन पहुंचे थे। उन्होंने कार में करीब चार हजार रुपये का पेट्रोल भरवाया। पेट्रोल भरने के बाद जब कर्मचारी सचिन कुमार पुत्र सत्यनाम ने रुपये मांगे तो कार सवार बिना भुगतान किए जाने लगे। सचिन ने कार का दरवाजा पकड़कर उन्हें रोकने की कोशिश की। आरोप है कि इस पर युवकों ने जान से मारने की नीयत से कार तेज दौड़ा दी। कर्मचारी कार में फंसकर घिसटता चला गया, लेकिन आरोपियों ने गाड़ी नहीं रोकी। करीब डेढ़ किलोमीटर आगे सुनसान स्थान पर उसे गंभीर रूप से घायल हालत में छोड़कर फरार हो गए। घायल को उपचार के लिए पीजीआई ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

आठ टीमें लगाईं, 345 कैमरों की फुटेज खंगाली

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए आठ टीमों का गठन किया। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के करीब 120 किलोमीटर के दायरे में अलग-अलग मार्गों पर लगे लगभग 345 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण किया। इसके साथ ही जिले में पंजीकृत पेट्रोल और डीजल से चलने वाले वाहनों का रिकॉर्ड भी निकलवाया गया और उनके रजिस्ट्रेशन नंबरों की जांच की गई। तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस बिना नंबर प्लेट वाली कार और उसमें सवार युवकों तक पहुंचने में सफल रही।

चारबाग और 1090 चौराहे के लगाए चक्कर, पुलिस को गुमराह करने की कोशिश

एसीपी गोसाईंगंज ऋषभ यादव ने बताया कि घटना के बाद तीनों आरोपी चारबाग रेलवे स्टेशन पहुंचे और वहां कुछ देर रुकने के बाद 1090 चौराहे की ओर गए। पुलिस को गुमराह करने के लिए उन्होंने दो-तीन अलग-अलग रास्तों पर कई बार कार घुमाई। इसके बाद तीनों अपने घर लौट गए। आरोपियों को भरोसा था कि कार पर नंबर प्लेट नहीं होने के कारण पुलिस उनकी पहचान नहीं कर पाएगी। हालांकि, सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने उनकी पहचान कर गिरफ्तार कर लिया।



रौब जमाने के लिए कार पर लिखवा रखा था 'अधिवक्ता, उच्च न्यायालय'

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि तीनों दोस्त हैं और अक्सर रात में अपनी कार से घूमने निकलते थे। उनकी कार पर नंबर प्लेट नहीं लगी रहती थी। आम लोगों पर प्रभाव और रौब जमाने के लिए उन्होंने कार पर 'अधिवक्ता, उच्च न्यायालय' लिखवा रखा था। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे पहले भी कई बार पेट्रोल भरवाने के बाद बिना रुपये दिए निकल जाते थे। घटना वाली रात भी दो-तीन अन्य पेट्रोल पंपों पर गए थे, लेकिन वहां पहले भुगतान करने की बात कहे जाने पर पेट्रोल नहीं भरवाया। इसके बाद जीएस फिलिंग स्टेशन पहुंचे और चार हजार रुपये का पेट्रोल भरवाने के बाद बिना भुगतान किए भागने लगे।

पीजीआई क्षेत्र के रहने वाले हैं तीनों आरोपी

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आर्यन सिंह चौहान (19) पुत्र दुर्गेश कुमार सिंह निवासी हैबत मऊ मवईया, रायबरेली रोड, समृद्ध चतुर्वेदी (18) पुत्र आलोक चतुर्वेदी निवासी एकता नगर, कल्ली पश्चिम और दिव्यांश श्रीवास्तव (19) पुत्र कमला प्रसाद श्रीवास्तव निवासी वृंदावन कॉलोनी के रूप में हुई है। तीनों पीजीआई थाना क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस के मुताबिक, समृद्ध चतुर्वेदी और दिव्यांश श्रीवास्तव के खिलाफ आशियाना थाने में वर्ष 2025 में धारा 115(2), 191(2), 351(3) और 352 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज है। पेट्रोल पंप मैनेजर सुशील कुमार वर्मा की लिखित तहरीर पर गोसाईंगंज थाने में मुकदमा संख्या 414/2026 धारा 109(1)/316(2) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में इस्तेमाल बिना नंबर प्लेट की किया सोनेट कार बरामद की है। तीनों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई पूरी कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इस कार्रवाई में पुलिस आयुक्त तरुण गाबा और संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय) अपर्णा कुमार के निर्देश पर डीसीपी दक्षिणी मो. मुश्ताक के निर्देशन, एडीसीपी दक्षिणी रल्लापल्ली वसंथ कुमार के पर्यवेक्षण तथा एसीपी गोसाईंगंज ऋषभ यादव के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक डीके सिंह के नेतृत्व में सर्विलांस सेल दक्षिणी जोन और गोसाईंगंज पुलिस की संयुक्त टीम शामिल रही।

टायर फटने से बेकाबू ट्रक मकान के अगले हिस्से में घुसा, सांड की मौत

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ निगोहां थाना क्षेत्र के मदापुर मंदिर चौराहे के पास गुरुवार देर शाम एक तेज रफ्तार ट्रक का टायर फटने से बड़ा हादसा हो गया। अनियंत्रित ट्रक डिवाइडर तोड़ते हुए सड़क की दूसरी पटरी पर स्थित मकान के अगले हिस्से में जा घुसा। हादसे में एक सांड की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मकान और दुकानों के सामने लगा टीनशेड क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि हादसे से कुछ देर पहले ही मकान मालिक और उनकी पत्नी घर के अंदर चले गए थे, वहीं मोमोज की दुकान लगाने वाला युवक भी दुकान बंद कर जा चुका था। इससे एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार निगोहां क्षेत्र के मस्तीपुर निवासी पृथ्वीपाल यादव का मदापुर मंदिर चौराहे पर हाईवे किनारे मकान है, जिसमें वह पत्नी और बच्चों के साथ रहते हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गुरुवार शाम करीब आठ बजे के करीब लखनऊ से रायबरेली की ओर जा रहे तेज रफ्तार ट्रक का अगला दाहिना टायर अचानक फट गया। टायर फटते ही चालक ट्रक पर नियंत्रण खो बैठा और ट्रक डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी पटरी पर पहुंचकर पृथ्वीपाल के मकान के अगले हिस्से में बनी दुकानों के सामने लगे टीनशेड में जा घुसा। इस दौरान ट्रक के अगले हिस्से में फंसकर एक सांड की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक की टक्कर से मकान के अगले हिस्से और टीनशेड को भी नुकसान पहुंचा। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची निगोहां पुलिस ने हाईवे मेंटेनेंस टीम को क्रेन के साथ बुलवाया और काफी मशक्कत के बाद दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को बाहर निकलवाकर कब्जे में ले लिया। पीड़ित मकान मालिक पृथ्वीपाल यादव ने पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

मिलेगी 400 रुपये रोज प्रोत्साहन राशि

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। दीपावली के अवसर पर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों से छह दिनों में एक करोड़ से अधिक यात्रियों ने सफर किया। परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि निगम ने यात्रियों को सुरक्षित और सुगम यात्रा उपलब्ध कराई।

छह नवंबर को 18.06 लाख, सात नवंबर को 16.72 लाख, आठ नवंबर को 17.36 लाख, नौ नवंबर को 14.12 लाख, 10 नवंबर को 16.42 लाख और 11 नवंबर को 19.45 लाख से अधिक यात्रियों ने बसों से यात्रा की। परिवहन मंत्री ने छठ पर्व को देखते हुए 13 से 17 नवंबर तक प्रदेश में अतिरिक्त बसों के संचालन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल में छठ पर्व बड़े स्तर पर मनाया जाता है। इस दौरान महानगरों में रहने वाले लोग अपने घरों को लौटते हैं। ऐसे में दिल्ली से पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए अधिक बसें चलाई जाएंगी। लखनऊ और कानपुर के लिए भी अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निगम की शत-प्रतिशत बसें ऑनरोड रखने के निर्देश दिए। साथ ही स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में अनफिट बसों का संचालन नहीं किया जाएगा।

बसों के स्पेयर पार्ट्स की उपलब्धता, साफ-सफाई, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, डिजिटल समय सारिणी और सहायता केंद्र सुनिश्चित करने को कहा गया है। सुरक्षित यात्रा के लिए चालकों और परिचालकों का ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट कराने तथा प्रवर्तन दलों को सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं।

पर्व अवधि में अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी रोस्टर के अनुसार लगाई जाएगी। प्रबंधन निदेशक के अनुसार, निर्धारित औसत किलोमीटर का संचालन करने वाले नियमित, संविदा और आउटसोर्सिंग चालकों-परिचालकों को 400 रुपये प्रतिदिन की दर से एकमुश्त विशेष प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

मीसा गांव में दो दिवसीय कबड्डी महाकुम्भ का शुभारंभ

दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रहे वीरेंद्र तिवारी ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार

गोसाईगंज। विकास खंड गोसाईंगंज के मीसा गांव में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय कबड्डी महाकुंभ 'मीसा 2026,' का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम ग्राम प्रधान एवं ब्लाक प्रधान संघ के अध्यक्ष जितेंद्र रावत 'जीतू' के संयोजन में आयोजित किया गया। इस महाकुंभ का उद्घाटन यूपीसीएलडीएफ के चेयरमैन व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रहे वीरेंद्र तिवारी ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इसके बाद राष्ट्रगान के गायन के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।



शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि वीरेंद्र तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि कबड्डी हमारी मिट्टी का खेल है। इससे न सिर्फ शरीर मजबूत होता है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता भी विकसित होती है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में ऐसे आयोजनों से युवा नशे और गलत संगत से दूर रहते हैं और खेल के माध्यम से अपना भविष्य संवार सकते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने और गांव-क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

खेल प्रारंभ होने के बाद पहुंचे अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ और हज राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने भी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर काम कर रही है। ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के बड़े आयोजन प्रतिभाओं को आगे लाने का काम करते हैं। उन्होंने आयोजक कमेटी को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर मोहनलालगंज क्षेत्र के विधायक अमरेश रावत, ब्लाक प्रमुख गोसाईंगंज विनय वर्मा डिम्पल, भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री वीरेंद्र रावत, पूर्व जिला मंत्री शंभुनाथ पाण्डे गुड्डू, एडीओ पंचायत कमलकिशोर शुक्ला सहित कई ग्राम प्रधान, पत्रकार बंधु एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

आयोजक जितेंद्र रावत ने बताया कि महाकुंभ में क्षेत्र के साथ ही अन्य जिलों व प्रदेशों से आई टीमें हिस्सा ले रही हैं। पहले ही दिन से मैदान पर रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। खिलाड़ियों की रेड और कैच पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं और अपने-अपने गांव की टीमों के समर्थन में नारे लगाए। महिलाओं और बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में दर्शक मैदान के चारों ओर डटे रहे। उन्होंने बताया कि महाकुंभ को सफल बनाने के लिए कमेटी के कार्यकताओं ने काफी पहले से तैयारियां की थीं। खिलाड़ियों के ठहरने, भोजन और सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। समापन पर विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित किया जाएगा।

आगामी विधानसभा चुनाव में प्रलोभनकारी वस्तुओं के वितरण पर रहेगी कड़ी नजर

व्यय संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्रों के चिन्हांकन की प्रक्रिया तेज, प्रवर्तन एजेंसियों को सक्रिय एवं सतर्क रहने के निर्देश

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। आगामी विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए उत्तर प्रदेश में व्यय संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्रों के चिन्हांकन की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। इसी क्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश नवदीप रिणवा की अध्यक्षता में गुरुवार को योजना भवन, लखनऊ में केन्द्र एवं राज्य सरकार की 23 प्रवर्तन एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी प्रवर्तन एजेंसियों को निर्वाचन के दृष्टिगत अभी से सक्रिय एवं सतर्क रहते हुए आपसी समन्वय के साथ प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को धनबल एवं प्रलोभन से मुक्त रखना भारत निर्वाचन आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए नगदी, शराब,

- **प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में उड़नदस्ता एवं स्थैतिक निगरानी दलों की 9-9 टीमें रहेंगी सक्रिय**



मादक पदार्थों, बहुमूल्य धातुओं तथा मतदाताओं को प्रभावित करने के उद्देश्य से वितरित की जाने वाली वस्तुओं के अवैध परिवहन एवं वितरण पर कड़ी निगरानी रखी जाए।

अंतर्राष्ट्रीय एवं अंतरराज्यीय सीमाओं पर स्थित चेक पोस्टों पर सघन जांच की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाए। बैंक खातों में असामान्य रूप से बड़ी धनराशि जमा होने एवं निकासी तथा अन्य संदिग्ध वित्तीय लेनदेन की भी प्रभावी निगरानी की जाए। उन्होंने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में केंद्र और राज्य सरकार की कुल 23 प्रवर्तन एजेंसियां निर्वाचन व्यय की निगरानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। इनकम टैक्स, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), राज्य जीएसटी, केन्द्रीय जीएसटी, कस्टम, राज्य नागरिक उड्डयन, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, राज्य स्तरीय बैंकर समिति, सशस्त्र सीमा बल, पुलिस, आबकारी, फॉरेस्ट, परिवहन, रेलवे, राजस्व अभिसूचना निदेशालय, सहकारिता सहित सभी संबंधित विभाग अपने-अपने कार्यक्षेत्र में सतर्कता एवं सक्रियता के साथ कार्य करें। व्यय संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्रों के चिन्हांकन के लिए वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव और वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान हुई जब्ती और पिछले छह माह की गैर-निर्वाचन अवधि की गतिविधियों से संबंधित आंकड़ों का विश्लेषण किया जाएगा। इसके आधार पर संवेदनशील विधानसभा क्षेत्रों का वर्गीकरण कर आवश्यक निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

बैठक में निर्वाचन के दौरान जब्ती की कार्यवाही को प्रभावी बनाने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा विकसित वेब पोर्टल के संचालन की तैयारियों की समीक्षा की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि पोर्टल पर जब्ती से संबंधित आंकड़े दर्ज करते समय मात्रा, माप की इकाई एवं जब्त सामग्री के मूल्य का विशेष ध्यान रखा जाए, जिससे आंकड़ों में किसी प्रकार की त्रुटि अथवा विसंगति न रहे। किसी भी जब्ती की दोहरी प्रविष्टि से बचने के भी निर्देश दिए गए।

उन्होंने कहा कि यदि किसी एक प्रवर्तन एजेंसी द्वारा कोई जब्ती की जाती है तो इसकी सूचना पोर्टल के माध्यम से संबंधित विभाग को तत्काल उपलब्ध हो जाएगी। इससे सभी एजेंसियां आपसी समन्वय स्थापित कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित कर सकेंगी। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी प्रवर्तन एजेंसियों के नोडल अधिकारी वरिष्ठतम स्तर के अधिकारी ही नामित किए जाएं तथा बैठकों में संबंधित नोडल अधिकारी की स्वयं उपस्थिति अनिवार्य होगी। किसी अन्य कनिष्ठ अधिकारी को प्रतिनिधि के रूप में भेजने की व्यवस्था स्वीकार्य नहीं होगी। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि प्रलोभनकारी वस्तुओं एवं मुफ्त वितरण से संबंधित आंकड़ों का वर्गीकरण निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही किया जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि व्यय संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्रों में निगरानी को और प्रभावी बनाने के लिए पर्याप्त संख्या में उड़नदस्ता दल एवं स्थैतिक निगरानी दल तैनात किए जाएंगे। प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में एफएसटी एवं एसएसटी की 9-9 टीमें सक्रिय रहेंगी, जो निर्वाचन व्यय को प्रभावित करने वाली गतिविधियों पर सतत निगरानी रखेंगी।

युवाओं के मार्गदर्शन के लिए विशेष सेना स्टॉल का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने और सेना में करियर के अवसरों के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से, भर्ती कार्यालय (मुख्यालय) लखनऊ (उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड) ने वार्षिक उत्तराखंड महोत्सव 2026 में एक विशेष सेना मार्गदर्शन एवं सूचना स्टॉल स्थापित किया है।

उत्तराखंड की 'देवभूमि' और 'वीरभूमि' की गौरवशाली विरासत को सम्मान देते हुए, यह स्टॉल राष्ट्र सेवा के इच्छुक युवाओं के लिए एक इंटरैक्टिव मंच के रूप में कार्य कर रहा है। यहाँ आने वाले अभ्यर्थियों को अग्निवीर भर्ती योजना, शारीरिक व मेडिकल फिटनेस मानकों, पात्रता मानदंडों, आवश्यक दस्तावेजों और चरण-दर-चरण भर्ती प्रक्रिया पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए स्टॉल पर एक डिजिटल सेल्फ-हेल्प कियोस्क भी स्थापित किया गया है, जिसके माध्यम से युवा तुरंत अपनी





पात्रता जांच सकते हैं और ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया समझ सकते हैं। इसके अलावा, एक समर्पित एनसीसी मार्गदर्शन डेस्क भी स्थापित किया गया है, जो छात्रों को एनसीसी से जुड़ने और भारतीय सेना में अपना करियर बनाने के लिए प्रेरित व मार्गदर्शित कर रहा है।

प्रदर्शनी पैनलों, काउंसलिंग डेस्क, डिजिटल सेल्फ-सर्विस टूल्स और अनुभवी सैन्य कर्मियों से सीधे संवाद के माध्यम से, इस पहल का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति का जज्बा जगाना, भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी रूप से समझाना और अगली पीढ़ी को भारतीय सेना में एक गौरवशाली करियर की ओर अग्रसर करना है।

संक्षेप

अनियंत्रित बाइक सवार युवक पलटा हालत गंभीर

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के मियागंज मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पलट जाने से युवक गभींर रुप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए चकलवंशी स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने उसकी हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मांखी थाना क्षेत्र के कोरारी कला गांव निवासी रोहित लोधी पुत्र खुमानी लोधी 18 गुरुवार को मियागंज चौराहे पर प्राइवेट बस से चंडीगढ़ से बहन द्वारा भेजा गया सामान लेने के लिए तेज रफ्तार से जा रहा था इसी बीच कस्बा रसूलाबाद के पास बाइक अनियंत्रित होकर पलट गयी जिससे वह गभीर रूप से घायल हो गया और उसके सर में गभींर चोट लगी सूचना पर पहुंचे परिजनों ने चकलवंशी कस्बा में स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टर ने उसकी हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

जनपद में तैनात 33 निरीक्षकों का तबादला जिनमें 11 भेजे गए रायबरेली

उन्नाव। जिले में तैनात 33 इंस्पेक्टरों का दूसरे जिलों में तबादला कर दिया गया है। लखनऊ रेंज के आईजी किरण एस ने गुरुवार दोपहर करीब दो बजे ट्रांसफर लिस्ट जारी की। सभी इंस्पेक्टरों को रेंज के अलग-अलग जिलों में नई पोस्टिंग दी गई है और जल्द ही नई तैनाती पर चार्ज संभालने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश के मुताबिक सबसे ज्यादा 11 इंस्पेक्टर रायबरेली भेजे गए हैं। इनमें रमेश चंद्र, सुधीर कुमार, ज्ञानेंद्र सिंह, सियाराम वर्मा, मो. इरशाद त्यागी, संजीव कुमार, राम नारायण यादव, राम बचन, राजेश कुमार मिश्रा, जय प्रकाश यादव और संदीप कुमार मिश्रा शामिल हैं। वहीं 9 इंस्पेक्टरों को खीरी में नई पोस्टिंग मिली है। इनमें अवधेश कुमार यादव, अश्वनी कुमार मिश्र, शरद कुमार, भवन सिंह मौर्य, सुरेश चंद्र मिश्रा, दिवाकर कुमार, राज कुमार, रामफल और मु. नईम अहमद के नाम हैं। सीतापुर जिले में 8 इंस्पेक्टर भेजे गए हैं, जिनमें शिव प्रकाश पांडेय, चंद्रकांत सिंह, संतोष कुमारी, अखिलेश चंद्र पांडेय, राजेश यादव, ज्ञानेंद्र कुमार, रेखा सिंह और अरविंद पांडेय शामिल हैं। हरदोई में 5 इंस्पेक्टरों की तैनाती की गई है। इनमें कुंवर बहादुर सिंह, राम प्रकाश, अरविंद कुमार पांडेय, अमर नाथ यादव और बृजेश कुमार शुक्ला को जिम्मेदारी दी गई है।

पेड़ से लटकता मिला अधेड़ का शव

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय के क्षेत्र के अंतर्गत गाँव हरदास पुर निवासी एक अधेड़ का शव घर के पीछे खड़े पेड़ से लटकता मिला जिसकी सूचना परिजनों ने थाना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गाँव निवासी राहुल नेपुलिस को सूचना दी कि वह पिपरिया खेड़ा का निवासी है और वर्तमान समय में हरदास पुर में परिवार सहित रह रहा है। बुधवार को रात उसके पिता लगभग 47वर्षीय सन्तोष घर के बाहर सो गए और रात में किसी समय उठकर घर के पीछे खड़े पेड़ में रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह उनका शव लटकता देखा गया तो हड़कंप मच गया। परिजन आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं कर सके।

शोभायात्रा के बाद भगवती चरण वर्मा पार्क में हुआ कृष्ण लीला का शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। नगर के बाबू भगवती चरण वर्मा पार्क में आयोजित सात दिवसीय रासलीला महोत्सव एवं भक्त चरित्र मंचन उत्सव का शुभारंभ गुरुवार को भव्य प्रभात फेरी के साथ हुआ।

डॉ. स्वामी देवकीनंदन शर्मा महाराज के सानिध्य में निकाली गई प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर भक्ति, श्रद्धा और आस्था का परिचय देते हुए सनातनी उद्घोष किया। भजन-कीर्तन और जयकारों से नगर का वातावरण पूर्ण रूप से भक्तिमय हो गया।

प्रभात फेरी का शुभारंभ मोटेश्वर मंदिर से किया गया। यहां से यात्रा गुलाब बिल्डिंग रोड होते हुए उन्नाव-हरदोई मार्ग और नाना पेशवा मार्ग से गुजरी। इसके बाद शोभा यात्रा पुनः अपने निर्धारित स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान नगर में जगह-जगह श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने पुष्प वर्षा एवं स्वागत कर प्रभात फेरी में शामिल भक्तों का उत्साह बढ़ाया। समापन के बाद श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।शोभा यात्रा में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई (राजा बेटा) तथा महोत्सव के आयोजक घनश्याम गुप्ता, दिलीप गुप्ता (रिंकू,) रचित गुप्ता, उज्जवल गुप्ता गौरव गुप्ता, श्याम चंद्र कोटेदार, विनय गुप्ता अजीत वर्मा आदि सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय एवं नगर वासी पुरुष और महिला सनातनियों ने भाग लिया।

स्वामी देवकीनंदन महाराज ने बताया कि सात दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक महोत्सव में भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं पर आधारित रासलीला के साथ विभिन्न भक्त चरित्रों का मनमोहक मंचन किया जाएगा।

स्वामी जी ने बताया कि श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति, प्रेम, त्याग और सदाचार का संदेश दिया जाएगा। उन्होंने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धार्मिक आयोजन में सहभागिता करने की अपील की।महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। आयोजन स्थल पर आगामी दिनों में भी धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भक्तिमय वातावरण बना रहेगा।

साक्षी महाराज ने विधायक अनिल सिंह के बयान पर उठाए सवाल

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पुरवा विधायक अनिल सिंह के जातियों को लेकर दिए गए कथित बयान पर भाजपा सांसद साक्षी महाराज ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। गुरुवार को उन्होंने कहा कि एक जनप्रतिनिधि से ऐसी हरकत की उम्मीद नहीं की जा सकती जिससे उसका चुनाव ही चौपट हो जाए। सांसद साक्षी महाराज ने बताया कि सोशल मीडिया पर विधायक अनिल सिंह का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में कथित तौर पर रामहरि ठाकुर और लोधी समाज के लोगों को लेकर कहा गया है कि चुनाव में तीन महीने बचे हैं, हमें निपटा लो तो निपटा लो, अगर हम जीत गए तो अपने पूर्वजों को छोड़कर भाग जाओगे। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए साक्षी महाराज ने कहा कि उन्होंने कई तरह से यह बात सुनी है, लेकिन उन्हें विश्वास नहीं हो रहा कि अनिल सिंह जैसा विधायक ऐसी बचकानी हरकत कर सकता है। उन्होंने कहा कि अनिल सिंह ने विधायक के तौर पर संविधान की शपथ ली है, इसलिए उन्हें सभी समाजों का सम्मान करना चाहिए। सांसद ने कहा कि चुनाव के समय जनप्रतिनिधि मंच सजाते हैं, सभी जातियों के लोगों के सामने हाथ जोड़ते हैं और कहते हैं कि हमने सेवा की है, जाने-अनजाने गलती हुई हो तो क्षमा करें। यही लोकतंत्र की प्रक्रिया है।

साक्षी महाराज ने आगे कहा कि लोकतंत्र तानाशाही नहीं है। इसमें सभी को सम्मान देना जरूरी है। अगर कोई तानाशाही करने की कोशिश करेगा तो उसे परिणाम भुगतना पड़ेगा, क्योंकि जनता ही जनप्रतिनिधियों का भविष्य तय करती है।

कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार बैंककर्मी की मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर गुरुवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार बैंककर्मी की मौत हो गई। हादसा अचलगंज थाना क्षेत्र में एक्सप्रेसवे के 71वें किलोमीटर के पास हुआ, जहां अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। चश्मदीदों के मुताबिक टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक में तुरंत आग लग गई और कुछ ही देर में पूरी बाइक जलकर राख हो गई। बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही अचलगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान ओम के रूप में हुई है, जो बैंक में कार्यरत था। परिजनों ने बताया कि ओम चार भाइयों और एक बहन में सबसे छोटा था। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। अचलगंज थानाध्यक्ष सुब्रत नारायण ने बताया कि टक्कर मारने



वाले अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए एक्सप्रेसवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

51वे विराट दंगल एवं धनुष भंग का किया जाएगा आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के मगरायर गांव में ऐतिहासिक परंपरा एक बार फिर परवान चढ़ने जा रही है, जहाँ इस साल 15 नवंबर को 51वें विराट दंगल एवं धनुष भंग का भव्य आयोजन होने जा रहा है।

पहलवानों के साथ जोर-आजमाइश

नंदिनी संस्था के संयोजक एवं पूर्व प्रधान रमाशंकर दीक्षित उनके बाबा हजारी प्रसाद दीक्षित और दुर्गा प्रसाद दीक्षित 1930 से 1950 के दशक में कलकत्ता और नागपुर के बड़े अखाड़ों में अपनी कुश्ती का जौहर दिखाते थे। आज भी उसी पवित्र भूमि पर यह दंगल परंपरा शान से चल रही है।

1973 से शुरू हुई परंपरा, अब मना रही स्वर्ण जयन्ती वर्ष

बाबा के निधन के बाद इस विरासत को उनके पुत्र रेवती रमण दीक्षित ने 1973 में आगे बढ़ाया। इसके बाद 1980 में महान साहित्यकार आचार्य नंददुलारे वाजपेई की स्मृति में 'नंदिनी संस्था' का गठन किया गया। पिछले 50 वर्षों से निरंतर चल रहा यह आयोजन इस बार अपने 51वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है, जो अपने आप में एक मिसाल है।

दूर-दूर से आएंगे नामी धुरंधर, इन खास पुरस्कारों के लिए होगी टक्कर

आयोजकों (संयोजक रमाशंकर दीक्षित व आयोजक रमेश चंद्र पांडेय) ने बताया कि इस दंगल में झांसी, जालौन, अयोध्या, गोरखपुर, कानपुर, बनारस और रायबरेली जैसे बड़े जिलों के दिग्गज पहलवान अपना दांवपेंच दिखाने पहुंचेंगे। इस बार का मुकाबला बेहद रोमांचक होगा क्योंकिःस्व. कैलाश त्रिपाठी की स्मृति में 'दंगल कुमार' का खिताब दिया जाएगा।

स्व. बिंदा प्रसाद पांडे की स्मृति में 'दंगल केसरी' का प्रतिष्ठित ताज पहनाया जाएगा।

दिग्गजों की मौजूदगी और सांस्कृतिक धूम

15 नवंबर को दिन में जहां अखाड़े में पहलवानों की कुश्ती के दांव चलेंगे, वहीं रात्रि में विशाल धनुष भंग (रामलीला) का भव्य मंचन होगा।

शहीदों की चिंताओं पर जुड़ेंगे हर वर्ष मेले, वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशा होगा।



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। गंज मुरादाबाद नगर में जन्मे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व साहित्यकार पंडित जगदम्बा प्रसाद हितैषी का 141 वा जन्मदिवस बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर कई सम्भ्रांत लोगो द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।तथा उनके विचारों को साझा किया गया नगर स्थित ब्लाक कार्यालय के निकट स्थित पंडित जगदम्बा प्रसाद मिश्र हितैषी जी के स्मारक स्थल पर आज उनका 141 वा जन्म दिवस बड़े ही हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया।इस अवसर पर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रामनरेश कुशवाहा,दिनेश तिवारी,विनय विप्र,संदीप रस्तोगी, पंकज शुक्ला,मिथलेश, पिंकू,राघव मिश्र आदि सहित कई सम्भ्रांत लोगो द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।तथा उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें याद किया गया।

अकीदत व एहतराम के साथ मनाया गया हजरत भोले मियां साहब का उर्स मुबारक

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। नगर पंचायत गंजमुरादाबाद में आस्ताना-ए-आलिया रहमानिया में हजरत अफजालुर्रहमान उर्फ भोले मियां जौहर रहमतुल्लाह अलैह का उर्स मुबारक बड़ी अकीदत, एहतराम और रूहानी माहौल में मनाया गया। उर्स के मौके पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दराज से पहुंचे मुरीदीन, अकीदतमंदों और उलमा-ए-किराम ने शिरकत कर अपनी अकीदत का इजहार किया।

उर्स मुबारक का पूरा आयोजन दरगाह के साहिबे सज्जादा हजरत मारूफुर्रहमान उर्फ मारूफ मियां साहब की जेरे सरपरस्ती में संपन्न हुआ, जबकि कार्यक्रम की सदारत नवाजिशुर्रहमान उर्फ रब्बानी मियां साहब ने की। इस दौरान खानकाही परंपराओं, धार्मिक शिक्षाओं और आपसी मोहब्बत व भाईचारे का पैगाम दिया गया।कार्यक्रम में खुसूसी खिताब अल्लामा मौलाना सैयद मोहम्मद महमूद अशरफ कछौछा शरीफ ने फरमाया। उन्होंने अपने खिताब के दौरान बुजुर्गाने दीन की जिंदगी, उनकी तालीमात, इंसानियत, मोहब्बत, अखलाक और आपसी भाईचारे की अहमियत पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि बुजुर्गाने दीन की जिंदगी से हमें इंसानियत की खिदमत, जरूरतमंदों की मदद और समाज में अमन व मोहब्बत कायम रखने की सीख मिलती है।उर्स के सिलसिले में 11 नवंबर की रात एक शानदार नातिया मुशायरे का आयोजन किया गया। इसमें देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए शायरों और नातख्वानों ने अपने बेहतरीन नातिया कलाम पेश किए। शायरों ने अपने खूबसूरत अंदाज-ए-बयां और दिलकश कलाम से महफिल में समां बांध दिया। नातिया कलाम सुनकर मौजूद अकीदतमंद झूम उठे और पूरी महफिल देर रात तक रूहानी कैफियत से सराबोर रही। मुशायरे में पेश किए गए कलाम ने लोगों को खूब प्रभावित किया। हर तरफ नात-ए-पाक की सदाएं गूंजती रहीं और अकीदतमंदों ने शायरों की हौसला अफजाई की।12 नवंबर को उर्स के मौके पर कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। इस अवसर पर खास फातिहा का एहतमाम किया गया, जिसमें मुल्क में अमन-चैन, आपसी भाईचारे, खुशहाली, तरक्की और पूरे इंसानियत के लिए खुसूसी दुआएं मांगी गईं। साथ ही देश में आपसी सौहार्द, मोहब्बत और एकता कायम रहने की भी दुआ की गई।उर्स मुबारक और नातिया मुशायरे के दौरान बड़ी संख्या में मुरीदीन, अकीदतमंदों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों की मौजूदगी रही।

संदिग्ध परिस्थितियों में दुपट्टे के सहारे लटकता मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार क्षेत्र के राधागंज गांव में दीपावली मनाने लुधियाना से घर आए एक युवक का शव गांव के बाहर खेत की कुटिया में संदिग्ध परिस्थितियों में दुपट्टे से फंदे पर लटकता मिला। मृतक की पहचान 25 वर्षीय अनूप कुमार (पुत्र दिनेश कुमार गौतम) के रूप में हुई है।

परिजनों के अनुसार, अनूप बुधवार की रात घर से निकला था और वापस नहीं लौटा। देर रात करीब 9 बजे खोजबीन के दौरान ग्रामीण गांव से करीब 200 मीटर दूर स्थित कुटिया में पहुंचे, जहां उसका शव लटका मिला।

नशे की लत और चर्चाएं

मृतक की मां मीरा देवी ने बताया कि अनूप शराब का आदी था, जिससे आशंका है कि उसने नशे में यह कदम उठाया हो। वहीं, इलाके में प्रेम प्रसंग को लेकर भी चचाएं हैं, हालांकि परिजन इससे इनकार कर रहे हैं। थानाध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

डीएम, एसपी और क्षेत्रीय विधायक ने किया नानामऊ घाट का स्थलीय निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। आगामी छठ महापर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने हेतु क्षेत्र के नानामऊ घाट पर प्रशासनिक अमला पूरी तरह सक्रिय नजर आया। विधायक श्रीकान्त कटियार, जिलाधिकारी घनश्याम मीणा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने क्षेत्राधिकारी हर्ष मोदी के साथ नानामऊ घाट का स्थलीय निरीक्षण किया। तत्पश्चात अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।गौरतलब है कि हर साल की तरह इस साल भी छठ महापर्व पर नानामऊ घाट पर हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इसी को देखते हुए भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा और सुविधाओं का पहले से जायजा लिया गया। ताकि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने घाट पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, आवागमन के रास्ते, पार्किंग, बैरिकेडिंग, गोताखोरों की तैनाती, नावों की व्यवस्था और महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। घाट के गहरे पानी वाले स्थानों को चिन्हित करने पर विशेष जोर दिया गया।जिला अधिकारी घनश्याम मीणा ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा सर्वोपरि है। घाटों पर समुचित प्रबंध किए जाएं। पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण रखी जाएं। निरीक्षण के दौरान राजस्व, पुलिस, नगर पालिका व अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

युवक ने फांसी लगाकर दी जान जांच में जुटी पुलिस

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के सुपासी गांव में गुरुवार सुबह 28 वर्षीय युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट होगी।

मृतक की पहचान रोहित पुत्र मिठू लाल के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक गुरुवार सुबह घर के अन्य सदस्य धान काटने के लिए खेत पर गए थे, रोहित घर पर अकेला था। इसी दौरान उसने यह कदम उठा लिया। दोपहर करीब एक बजे परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और घटना की जानकारी दी।

परिजनों ने बताया कि रोहित की शादी शारदा से हुई थी और उनकी चार साल की बेटी वैष्णवी है। पिछले करीब तीन साल से पति-पत्नी अलग रह रहे थे। बताया गया कि दोनों के बीच विवाद चल रहा था और दहेज उत्पीड़न से जुड़ा मामला भी विचाराधीन है। परिवार की एक युवती ने बताया कि घटना के समय रोहित घर पर फोन पर किसी से बात कर रहा था। परिजनों के अनुसार पहले भी उसने ऐसा प्रयास किया था।पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर लिए हैं और मामले की जांच की जा रही है।

हनुमत रुद्र महायज्ञ में रामकथा शुरू, आचार्य ज्ञानेश व्यास बोले- ईश्वर भक्ति ही सारस्वत सत्य



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। विकास खंड असोहा क्षेत्र के अजयपुर गांव स्थित पावन धाम कुटी वीर बाबा मंदिर में चल रहे ग्यारहवें नव दिवसीय हनुमत रुद्र महायज्ञ एवं मानस वेदांत संत सम्मेलन के पहले दिन रामकथा का आयोजन हुआ।चित्रकूट से आए कथा व्यास आचार्य ज्ञानेश व्यास ने कहा कि इस नश्वर संसार में केवल ईश्वर भक्ति ही वास्तविक और सारस्वत सत्य है। उन्होंने कहा कि पूरी माया और दुनिया एक सपने जैसी है, जो सोते समय अज्ञानता में वास्तविक लगती है, पर जागने पर उसका कोई अस्तित्व नहीं रहता। मनुष्य को अपने कर्म और दायित्व निभाते हुए संसार की चकाचौंध, अंधी आसक्ति और मोह से बचना चाहिए।इस दौरान त्रिभुवन दीक्षित, सोनू मिश्र, सुनील रावत, फिरोज अहमद, शिवम तिवारी, भगवान अवस्थी, राजू त्रिपाठी सहित क्षेत्र के सैकड़ों भगवत प्रेमी मौजूद रहे। कथा में पूर्व, एमएलसी अरविंद त्रिपाठी उर्फ गुड्डू और ब्लॉक प्रमुख नीटू बाजपेई ने भी हनुमत रुद्र महायज्ञ में पहुंचकर व्यास गद्दी पर माथा टेका व आशीर्वाद लिया

ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौत, चालक के साथ लौट रहा था घर

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। मौरावां थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह ट्रैक्टर पलटने से उस पर सवार 38 वर्षीय युवक की दबकर मौत हो गई। हादसा सन्दाना और रामपुर गांव के बीच हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान नीरज पुत्र रामकुमार निवासी शिवराजखेड़ा के रूप में हुई है। दोपहर करीब डेढ़ बजे परिजनों ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर घटना की जानकारी दी। बताया गया कि नीरज खेती-किसानी के साथ शटरिंग का काम करता था और दूसरों का ट्रैक्टर भी चलाता था। उसके दो बेटे हैं परिजनों के मुताबिक गुरुवार सुबह नीरज ट्रैक्टर पर शटरिंग का सामान लेकर गया था। सामान उतारने के बाद वह चालक अंकित के साथ ट्रैक्टर पर बैठकर लौट रहा था। ट्रैक्टर अंकित चला रहा था। रास्ते में भट्ठे के पास खंती की खुदाई चल रही थी। वहां करीब सात फीट की जगह में पांच फीट का रास्ता छोड़ा गया था। इसी संकरे रास्ते से निकलते समय ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खंती में पलट गया और नीरज उसके नीचे दब गया। ग्रामीणों ने हादसे की जांच, उचित कार्रवाई और परिवार को सरकारी सहायता देने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

मछली पकड़ने गए युवक की तालाब में डूबकर मौत

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गदना खेड़ा मजरा अहमदाबाद माथर में गुरुवार को मछली पकड़ते समय एक 24 वर्षीय युवक तालाब में डूब गया। देर शाम तलाश करने पर वह तालाब में अचेत अवस्था में पाया गया। परिवार के लोग उसे तुरंत सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया मौत की खबर सुनते ही परिजनो में चीख पुकार मच गई कोतवाली क्षेत्र के गदना खेड़ा मजरा अहमदाबाद माथर निवासी सूबेदार का 24 वर्षीय पुत्र सोनेलाल आज दोपहर गांव के बाहर तालाब में मछली पकड़ने गया था अचानक वो गहरे पानी में डूब गया काफी देर घर वापस न आने पर परिजनो ने उसकी खोजबीन की तो वह तालाब में बेहोशी की हालत में मिला परिजन उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए जहां पर मौजूद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया मौत की खबर सुनते ही परिजनो में चीख पुकार मच गई मृतक अविवाहित था अपने मां बाप का इकलौता पुत्र था एक बहन है जिसकी शादी हो चुकी हैं

बाइक की टक्कर से महिला की मौत, चालक फरार



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के मानिकापुर गांव में बुधवार शाम तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से 57 वर्षीय महिला की मौत हो गई। वह खेत से काम निपटाकर पैदल घर लौट रही थीं। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से भाग गया।मृतका की पहचान फूलमती पत्नी स्वर्गीय शिव प्रसाद निवासी मानिकापुर के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक बुधवार शाम करीब साढ़े छह बजे वह खेत से घर जा रही थीं, तभी तेज रफ्तार अज्ञात बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई।गुरुवार दोपहर परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और घटना की जानकारी दी। परिजनों ने बताया कि फूलमती का एक बेटा है। उन्होंने अज्ञात बाइक सवार की पहचान कर कार्रवाई की मांग की है।परिजनों ने कहा कि इलाके की सड़कों पर वाहन तेज रफ्तार से चलते हैं, जिससे आए दिन हादसे होते रहते हैं। हाल ही में सुमेरपुर में भी ऐसा हादसा हुआ था। उन्होंने वाहनों की गति पर नियंत्रण और सुरक्षा के लिए कदम उठाने की मांग की है।थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

सम्पादकीय

आतंकवाद के खिलाफ और सतर्कता जरूरी

कश्मीर घाटी में आतंकवाद एक बार फिर चुनौती दे रहा है। इसका चेहरा तेजी से बदल रहा है। अब दुश्मन केवल सीमा पार से घुसपैठ कर हमला नहीं करता, बल्कि देश के भीतर स्लीपर सेल भी तैयार करता है, स्थानीय मददगारों के जरिये साजिशों को अंजाम देता है और ड्रोन जैसी आधुनिक तकनीक से सुरक्षा तंत्र को चुनौती देता है। साइबर नेटवर्क, एआई और मानवरहित हथियारों ने आतंकवाद के खतरे को और जटिल बना दिया है। सवाल है कि जब आतंक के तौर-तरीके इतने बदल रहे हैं तो हमारी सुरक्षा रणनीति कितनी बदली है? कुलगाम में सीआरपीएफ जवानों पर हमला और एलओसी पर पाकिस्तान की एंटी-ड्रोन तैनाती इसी बदलती चुनौती के संकेत हैं। ऐसे में आतंकवाद के खिलाफ और सतर्कता बरतनी होगी। हाल ही की घटना में जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सीआरपीएफ के अखनन कैंप में नाका ड्यूटी पर तैनात जवानों पर बाइक सवार हमलावरों की अंधाधुंध गोलीबारी इस बात का संकेत है कि आतंकियों के मंसूबे अभी कमजोर नहीं पड़े हैं। महज 15 सेकंड में करीब 30 राउंड फायरिंग कर तीन जवानों को घायल करने के बाद हमलावरों का फरार हो जाना गंभीर चिंता का विषय है। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब पाकिस्तान नियंत्रण रेखा के पार अपनी सैन्य तैयारियों को नए सिरे से धार देने में जुटा है। रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान ने एलओसी के सामने 50 से अधिक विशेष एंटी-ड्रोन यूनिट तैनात की हैं। नवंबर में ही 20 नई यूनिट शामिल किए जाने की सूचना है। इनका उद्देश्य भारतीय ड्रोन और लोइटरिंग म्यूनिशन की निगरानी करना तथा उन्हें निष्क्रिय करना है। पाकिस्तान की इस तैयारी को केवल रक्षात्मक कदम मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कुलगाम की घटना और एलओसी के पार पाकिस्तान की सैन्य तैयारियों को अलग-अलग घटनाक्रम मानकर देखने के बजाय व्यापक सुरक्षा परिप्रेक्ष्य में समझने की जरूरत है। जम्मू-कश्मीर में वर्ष 2024 से अब तक 548 आतंकी घटनाएं होना और इनमें 45 जवानों का शहीद होना बताता है कि चुनौती कितनी गंभीर है। सुरक्षा बलों ने इस दौरान 138 आतंकियों को मार गिराया है, लेकिन आतंकवाद का नेटवर्क केवल आतंकियों को खत्म करने से समाप्त नहीं होता। पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद अपनी सैन्य रणनीति में ड्रोन युद्ध को प्राथमिकता दी है। सेना प्रमुख आसिम मुनीर की रणनीति में ड्रोन को रक्षा और हमले, दोनों की पहली पंक्ति का हिस्सा बनाया जा रहा है। इसके लिए चीन और तुर्किये से आधुनिक तकनीक हासिल करने के साथ एआई और निगरानी प्रणालियों पर भी जोर दिया जा रहा है। ऐसे हालात में भारत को अपनी सुरक्षा रणनीति भी लगातार आधुनिक बनानी होगी। सीमा पर चौकसी, एंटी-ड्रोन प्रणाली, आधुनिक निगरानी उपकरण और खुफिया सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान के बीच बेहतर तालमेल जरूरी है। साथ ही, कुलगाम जैसे संवेदनशील इलाकों में तैनात जवानों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा होनी चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सुरक्षाबलों का मनोबल और आम नागरिकों का विश्वास बनाए रखना होगा। पाकिस्तान की बदलती सैन्य रणनीति और कश्मीर में आतंकी गतिविधियों को देखते हुए किसी भी स्तर पर आत्मसंतुष्टि की गुंजाइश नहीं है। आतंकवाद के खिलाफ केवल जवाबी कार्रवाई नहीं, बल्कि ऐसी चौकस और मजबूत सुरक्षा व्यवस्था चाहिए, जो दुश्मन के मंसूबों को हमला होने से पहले ही नाकाम कर दे। यही जवानों की सुरक्षा और देश की संप्रभुता की सबसे बड़ी गारंटी है।



आर्थिकी

प्रमोद भार्गव

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा महंगी दवाओं को 'डकैती करार' देने के बाद भारत सरकार, दवा निर्माता एवं विक्रेता चेते हैं। इसी का परिणाम है कि रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय द्वारा आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा है कि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने कैंसर के उपचार में दी जाने वाली 137 प्रकार की दवाओं पर व्यापारिक लाभ का अंतर तय कर दिया है। सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले से रोगियों को हर साल अनुमानित 3502.31 करोड़ रुपये की बचत होगी। वस्तुतः कैंसर के गरीब मरीजों को भी बड़ी राहत मिल जाएगी। अततः यह कठोर निर्णय दवा उत्पादक फार्मेसियों की अनैतिक मार्केटिंग पर सर्वोच्च न्यायालय कड़ी निगरानी रखने की लगातार दी गई चेतावनियों के चलते संभव हुआ है।

दवा कारोबार में अनैतिकता पर अंकुश

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा महंगी दवाओं को 'डकैती करार' देने के बाद भारत सरकार, दवा निर्माता एवं विक्रेता चेते हैं। इसी का परिणाम है कि रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय द्वारा आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा है कि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने कैंसर के उपचार में दी जाने वाली 137 प्रकार की दवाओं पर व्यापारिक लाभ का अंतर तय कर दिया है। सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले से रोगियों को हर साल अनुमानित 3502.31 करोड़ रुपये की बचत होगी। वस्तुतः कैंसर के गरीब मरीजों को भी बड़ी राहत मिल जाएगी। अततः यह कठोर निर्णय दवा उत्पादक फार्मेसियों की अनैतिक मार्केटिंग पर सर्वोच्च न्यायालय कड़ी निगरानी रखने की लगातार दी गई चेतावनियों के चलते संभव हुआ है।

दवाओं की कीमतें घटाने का यह फैसला स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के तहत गठित की गई विशेषज्ञ समिति की 17 अक्टूबर 2026 को आई सिफारिश के बाद लिया है। डीजीएचएस के चयन के अनुसार अब तक 76 दवा कंपनियों ने 121 दवाओं के 1225 सूत्रीकरण (फॉर्मूलेशन) के लिए नए अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) जमा किए हैं। 1225 में से 1031 फॉर्मूलेशन की कीमतों में भारी कटौती की गई है। करीब 600 ब्रांड की दवाओं की कीमत में 50 प्रतिशत से ज्यादा की कमी आई है। सबसे ज्यादा कटौती 96.45 प्रतिशत की गई है। वस्तुतः अब कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली बड़ी असरकारी दवाओं की कीमतों में भारी कमी स्पष्ट दिख रही है। आरपीजी लाइफ साइंसेज की स्तन कैंसर के उपचार में इस्तेमाल होने वाली कैपसूल 'पैल्बोप्रे' (पैल्बोसिक्लिब 125 मिलीग्राम) की कीमत 40,421.33 रुपये से घटकर मात्र 2720 रुपये रह गई है। इसी तरह अरविंदोबर फार्मा की प्रोस्टेट कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली टेबलेट एबीरोन (एबिराटेरॉन एसीटेट 250 मिलीग्राम) का मूल्य 41,250 रुपये से घटकर 3218.23 रुपये निर्धारित कर दिया है। यह भारी अंतर सभी दवाओं पर दिखाई दे रहा। सर्वोच्च न्यायालय ने कैंसर की दवाओं की एमआरपी और सरकारी खरीद मूल्य के बीच बड़े अंतर को अजूबा करार दिया था। यह अंतर 10 गुना से भी ज्यादा था। 2700 रुपये की खुदरा बिक्री वाली कैंसर की दवा पर एमआरपी 27,000 रुपये अंकित होने पर इसे न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और संदीप मेहता की पीठ ने पहले तो 'दिन-दहाड़े' डकैती कहा और फिर 29 सितंबर 2026 को की गई सुनवाई में इस भारी अंतर को दो टूक शब्दों में 'कत्लेआम' यानी 'सामूहिक-संहार' तक कहने में संकोच नहीं किया था। दवा कारोबारी, निजी अस्पतालों और सरकारी अस्पतालों में दवाओं की खरीद करने वाले जिम्मेदारों के लिए इससे तीखी टिप्पणी, दूसरी कोई हो नहीं सकती ? अदालत ने यह सवाल भी खड़ा किया था। कि आखिर 'इतना पैसा कहां जा रहा है और फायदा किसे हो रहा है? 'यह टिप्पणी सीधे-सीधे दवा उत्पादक, निजी अस्पतालों के मालिक एवं चिकित्सक तथा सरकारी खरीद में लिप्त जिम्मेदारों का अमानवीय चेहरा सामने लाती है। 137 दवाओं की दरें निर्धारित हो जाने से साफ हो गया है कि बड़ा घालमेल दवा उद्योग में चल रहा है। इस घालमेल पर अंकुश लगाने की दृष्टि से ही न्यायालय द्वारा 8 अक्टूबर 2026 को दिए एक आदेश के बाद केंद्र सरकार ने फार्मा



कंपनियों की कारोबारी गतिविधियों, तौर-तरीकों की समीक्षा और निगरानी के लिए नीति आयोग के सदस्य डॉ एम श्रीनिवास की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित की हुई है। समिति को कंपनियों द्वारा दवा के अनैतिक कारोबार को बढ़ावा देने वाले उपायों की असरकारी समीक्षा का दायित्व दिया गया था। इन उपायों में चिकित्सकों को दिए जाने वाले प्रलोभनों की भी समीक्षा शामिल है। अदालत में इसी परिप्रेक्ष्य में 'फेडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ऑफ इंडिया' की भी एक याचिका लंबित है। इसमें अनुरोध किया है कि प्रभावी कानून बनने तक फार्मा कंपनियों की अनैतिक मार्केटिंग पर फॉर्मूलेशन और नियमन के लिए दिशा-निर्देश भी तय कर दिए जाएं, ताकि मौजूदा व्यवस्था में जो बड़ी असमानता है, वह दूर हो सके? इसके अंतर्गत ऐसे प्रलोभन स्वीकार करने वाले चिकित्सकों के लिए कार्यवाही का प्रविधान तो है, लेकिन उन्हें प्रलोभन देने वाली दवा कंपनियों को नियंत्रित या दंडित करने के लिए समान वैधानिक व्यवस्था नहीं है। अतएव कंपनियां अपने उत्पादों के प्रचार के लिए चिकित्सकों को महंगे उपहार और सेमिनार के बहाने देश-विदेश की पंचतारा हवाई यात्राएं अपने खर्चे पर कराती हैं। अततः इसका असर रोगी पर पड़ता है और वे महंगी दवाएं खरीदने के लिए लाचार बने रहते हैं। इस समिति की रिपोर्ट अभी आनी है। सस्ती हुई 137 दवाओं में जो अंतर देखने में आया है, उससे साफ है कि दवाएं आम आदमी की पहुंच से जानबूझकर धन कमाने की हवस के चलते बाहर की जा रही हैं। सस्ती हुई दवाओं के अंतर ने तय कर दिया है कि दवा महंगी होने का कारण दवा में लगने वाली सामग्री का महंगा होना नहीं है, बल्कि दवा कंपनियों का मुनाफे की हवस में बदल जाना है। इस लालच के चलते कंपनियां राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) के नियमों का भी पालन नहीं करती हैं। नियमों के मुताबिक दवाओं की कीमत लागत से मात्र सौ गुनी ज्यादा रख सकते हैं। लेकिन दवाओं की कीमत 1023 फीसदी तक ज्यादा वसूली जा रही है। यहां तक की नामी-गिरामी दवा कंपनियां भी दो सौ से पांच सौ गुना ज्यादा कीमत अपने दवा उत्पादों की रख रही हैं। दवा कंपनियों ने सरकार द्वारा दी उत्पाद शुल्क में छूट का लाभ तो पूरा लिया, लेकिन दवाओं की कीमतों में कटौती नहीं की। इस तरह से सरकार और ग्राहकों को करोड़ों रुपये का चूना लगाया जा रहा है। चिकित्सकों को महंगे उपहार देकर रोगियों के लिए महंगी और गैर जरूरी दवाएं लिखवाने का प्रचलन लाभ का धंधा हो गया है। बेमतलब की अनेक जांचें भी केवल मुनाफे के लिए कराई जा रही हैं। दरअसल, वर्तमान में दवा कारोबार मुनाफे की हवस की गिरफ्त में तो है ही, निजी चिकित्सालय उद्योग रोगी पैदा करने और रोगी बनाए रखने का काम भी कर रहे हैं। इसलिए चिकित्सकों पर ऐसे आरोप लगते रहे हैं कि वे रोगी की सेवा के बनिस्बत दवा कारोबार की सेवा में लिप्त हैं। इसकी पुष्टि इस बात से होती है कि चिकित्सक ज्ञान तो निश्चित रूप से उच्च चिकित्सा संस्थानों से प्राप्त करते हैं, लेकिन चिकित्सक बनने के बाद उनके इस ज्ञान का अपहरण दवा उद्योग कर लेते हैं। अतएव ज्यादातर डॉक्टर पर्चे में वही दवा लिखते हैं, जो उन्हें दवा कंपनियों के एमआर समझाते हैं और कमीशन के साथ उपहार देते हैं। जबकि चिकित्सा का पेशा जीवन रक्षा का धंधा है। यह मनुष्यता की संवेदना और मर्म की सुरक्षा का नैतिक व्यवसाय है। एक लाचार मरीज चिकित्सक के पास स्वास्थ्य लाभ लेने की उम्मीद से जाता है, न कि दवा उद्योग के लालच को बढ़ावा देने की दृष्टि से ? किंतु पैसा कमाने की अनैतिक होड़ का ही परिणाम है कि रोगी अब चिकित्सक को धरती का भगवान मानने से मुकर रहा है।

विश्व निमोनिया दिवस

बाल मुकुन्द ओझा



केवल दवाओं की उपलब्धता ही पर्याप्त नहीं, रहें अलर्ट

विश्व निमोनिया दिवस हर साल 12 नवम्बर को लोगों को निमोनिया जैसे गंभीर सांस संबंधी बीमारी के प्रति जागरूक करना, इसके लक्षणों को पहचानने, समय पर इलाज कराने और बीमारी से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी देने के लिए मनाया जाता है। इस साल, 2026 में, विश्व निमोनिया दिवस की थीम निमोनिया निदान का एक नया युग रखी गई है। यह थीम निमोनिया से होने वाली उन मौतों को कम करने में टीकों, जांच के साधनों और इलाज के तरीकों में हुई प्रगति के महत्व को उजागर करती है, जिन्हें रोका जा सकता है। यह जीवन बचाने वाले इन उपायों तक समान पहुंच की वकालत करती है, खासकर उन बच्चों और वंचित समुदायों के लिए जो अधिक जोखिम में हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर साल 5 साल से कम उम्र के 14 लाख बच्चों की मौत निमोनिया के कारण होती है। यह दुनिया भर में 5 साल से कम उम्र के बच्चों की कुल मौतों का 18 प्रतिशत है। यूनिसेफ के अनुसार, हर 39 सेकंड में एक बच्चे की मौत निमोनिया से होती है।

अनुमान है कि 50 साल से अधिक उम्र के व्यस्कों में निमोनिया से होने वाली 16 लाख मौतें, वायु प्रदूषण और धूम्रपान के कारण होती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, निमोनिया आज भी बच्चों में संक्रामक बीमारी से होने वाली मौतों का एक बड़ा कारण है। इस अवसर पर दुनियाभर में निमोनिया के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए अभियान चलाए जाते हैं। खासतौर पर बच्चों में निमोनिया की रोकथाम को प्राथमिकता दी जाती है, क्योंकि पांच साल से कम उम्र के बच्चे इस बीमारी के प्रति अधिक संवेदनशील हो सकते हैं। द लैंसेट पत्रिका में प्रकाशित अध्ययनों के अनुसार भारत में पांच साल से कम उम्र के बच्चों की लगभग 14 से 26 फीसदी मौतें निमोनिया के कारण होती हैं। देश में इस आयु वर्ग के लगभग 14.9 फीसदी बच्चों की मौत का कारण निमोनिया है। कुछ आंकड़ों में यह अनुपात 18 फीसदी तक पाया गया है। यह आंकड़े वास्तव में चिंताजनक हैं। भारत में मौसम बदलते ही बीमारियों का खतरा मंडराने लगता है। इनमें निमोनिया प्रमुख है। अस्पतालों में लम्बी लम्बी कतारें लग जाती है। इस समय गर्मी के विदाई का वक्त है। सर्दी की आहट के साथ ही बच्चे से बुजुर्ग तक को अपनी सेहत की चिंता सताने लगती है। इस समय मौसम भी अजब-गजब है। कहीं पंखे चल रहे हैं तो कहीं एयर कंडीशनर भी। लोगों ने गर्म कपड़े निकाल लिए है। पंखा आदि चलाकर कम्बल का उपयोग करते देखा जा सकता है। दिवाली पर प्रदूषण की मार भी लोग झेल रहे है। इसी बीच सर्दियों का मौसम शुरू होते ही सर्दी, खांसी, जुकाम, गले में खराश और बुखार जैसी अनचाही बीमारियां बढ़ने लगी हैं। सर्द मौसम में निमोनिया का खतरा भी चिंता का विषय बन जाता है। निमोनिया फेफड़ों में होने वाला संक्रमण है, जिसके कारण फेफड़ों की छोटी वायु थैलियों में सूजन आ सकती है और उनमें तरल पदार्थ या मवाद भर सकता है। इससे मरीज को सांस लेने में परेशानी होने लगती है। खासतौर पर छोटे बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों को इस बीमारी से अधिक सतर्क रहने की जरूरत होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक निमोनिया से निपटने के लिए केवल दवाओं की उपलब्धता ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि टीकाकरण, शुरुआती पहचान, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच और जरूरत पड़ने पर ऑक्सीजन की उपलब्धता भी जरूरी है। निमोनिया कोई छोटी-मोटी बीमारी नहीं है।



पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न हो



संकलित

दर्शन

यजमान को देश-काल के सन्दर्भ में उसके जन्म के नक्षत्र, जन्म राशि, पैतृक वंश, गोत्र, पूरा नाम, पिता का नाम आदि द्वारा भी परिभाषित किया जाता है। इसके बाद यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। वस्तुतः संकल्प कभी लिया नहीं जाता, बल्कि उसे छोड़ दिया जाता है या भगवान के चरणों में समर्पित कर दिया जाता है। जब यजमान पूर्ण विश्वास के साथ अपना संकल्प देवत्व के चरणों में छोड़ देता है कि जो भी उसके लिए सही होगा, वह अवश्य होगा, वह पूजा में बैठने के योग्य हो जाता है। पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न होती है। जब आप अपनी सभी इच्छाओं, सभी परेशानियों और शिकायतों को दिव्यता के चरणों में छोड़ देते हैं, तभी आप परिपूर्ण प्रतीत कर सकते हैं। तभी आप पूजा में बैठने लायक बन सकेंगे। तभी आप पूजा का हिस्सा बन सकते हैं। रुद्र पूजा में शिव-तत्व का उसकी पूरी भव्यता के साथ आह्वान किया जाता है। चक्र मंत्रों की तरंगों में डूब जाते हैं। मन ध्यान की अवस्था में पहुंच जाता है। संपूर्ण वातावरण शिव-तत्व से आवेशित हो जाता है। भक्त शिव-तत्व के साथ एक हो जाते हैं। शिव वह परोपकारी ऊर्जा है, जो परिवर्तन करती है और बाधाओं को दूर करती है। संकल्प आसानी से सर्वव्यापी दिव्यता तक संप्रेषित हो जाते हैं और उस सर्वव्यापी, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान दिव्यता के लिए, कुछ भी असंभव नहीं है। सभी हितकारी मनोरथ फलदायी होते हैं। सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं। जीवन गतिमान होता है।

जब मन अशांत हो, अपने इष्टदेव का जप करें



संकलित

प्रेरणा

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। वे सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने वे सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

अंतर्मन



आज की पाती

एथेनॉल की खूबियों के बावजूद चिंताएं बरकरार

देश में पेट्रोल के विकल्प के रूप में एथेनॉल के इस्तेमाल को बढ़ावा देने की दिशा में तेज़ सरकार ने एक और कदम उठाया है, जबकि देश में एथेनॉल को लेकर पूर्व में हलकान में बहुत कुछ हो चुका है। लिहाजा, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने ई-100 ईंधन से चलने वाले वाहनों को अनुमति देने के लिए मोटर वाहन नियमों में संशोधन को अधिसूचना जारी की है। यह फैसला भारत की ऊर्जा जरूरतों, पर्यावरण संरक्षण और किसानों के हित को संतुलित करने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। हालांकि, इन नई व्यवस्था को केवल सीमित तारीख के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। इसके साथ वाहनमालकों की आर्थिक स्थिति, वाहनों की तकनीकी क्षमता, ईंधन की उपलब्धता और रखरखाव से जुड़ी चुनौतियों को भी समझना जरूरी है। - कमलेश भारतीय, सूरत

ट्रेंड

शतरंज में शतक

भारत ने शतरंज में शतक लगा दिया है! प्रज्ञे शतरंज डीकाकर बनने पर अनुज बीबासी को बधाई! यह बधाई एक शानदार उपलब्धि है। यह हमारे खिलाड़ियों की असाधारण प्रतिभा, लगन और सही सोच का प्रमाण है। - नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



उत्पादन का रिकॉर्ड

भारत ने उत्पादन के कई रिकॉर्ड तोड़े हैं। पहले के अनुमान से हम दुनिया में पहले नंबर पर आ गए हैं। अकेले दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश भी बन गया है। आज, देश में रिकॉर्ड 377 मीट्रिक टन प्रसंस्करण और 328 मीट्रिक टन दूध पाउडर व मक्खन का उत्पादन हो रहा है।
- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषिमंत्री



अत्यंत दुःखद

खबरों से पता चला कि एक दुखद से कम उम्र के पुत्र से दल पुत्रों के कारण सांसद पार्टी उप पुलानिया, उनकी पत्नी उषाबा पुलानिया और उनके कई अन्य लोगों के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।
-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान



नई रामायण

नई रामायण देखी। इसमें न तो सीता दिखाई दीं और न ही सीता का हरण। कई कलाकारों द्वारा लक्ष्मण है, और कई दृश्यों के ताजों के वह लक्षिम नहीं है जो होनी चाहिए। तमाम का कंफ्यूजन लक्षिमंडल किया गया है।
- सुनीत लाटी, अभिनेता



करंट अफेयर

वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण बेलफास्ट में विशेष कार्यक्रम

'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर उत्तरी आयरलैंड के बेलफास्ट स्थित भारतीय वाणिज्य महादूतावास में ब्रिटेन के विभिन्न हिस्सों के 60 से अधिक संगीतकारों ने एक विशेष संगीत कार्यक्रम पेश किया। बेलफास्ट स्थित टोकाटा म्यूजिकल्स ग्रेजुएशंस के सहयोग से तैयार राष्ट्रगीत की यह संगीत प्रस्तुति पिछले सप्ताह ऑनलाइन जारी की गई। भारतीय वाणिज्य महादूतावास ने बताया कि इसमें शामिल संगीतकारों का भारत, उसकी संस्कृति, परंपराओं, आध्यात्मिकता और संगीत विरासत से व्यक्तिगत जुड़ाव है। ब्रिटेन के बेलफास्ट स्थित भारतीय वाणिज्य महादूतावास देश के नए वाणिज्य दूतावासों में से एक है।



ऑफ बीट

वास्तविकता 'कम खाओ ज्यादा चलो' से अलग है

दशकों तक हमें बताया गया कि वजन कम करना केवल आत्म-नियंत्रण का मामला है : कम खाओ, ज्यादा चलो। लेकिन आधुनिक विज्ञान ने यह सिद्ध कर दिया है कि वास्तविकता इससे अलग है। हमारे पूर्वजों का असर हजारों साल पहले हमारे मानव पूर्वजों के लिए शरीर की चर्बी जीवन रेखा थी – बहुत कम चर्बी से घुरहमी का खतरा, बहुत अधिक चर्बी से धीमी गति का खतरा। समय के साथ, मानव शरीर ने ऊर्जा भंडारण की रक्षा करने के लिए जटिल जैविक रक्षा तंत्र विकसित किए, जो दिमाग में जुड़े थे। आज, जब भोजन हर जगह उपलब्ध है और शारीरिक गतिविधि वैकल्पिक है, तो यही तंत्र वजन घटाना मुश्किल बनाते हैं।



संक्षेप

घर के अंदर फंदे से लटका मिला युवक

रामकथा में शामिल होने गांव आया था, मौत की वजह स्पष्ट नहीं

अमन लेखनी समाचार

अमेठी , संग्रामपुर थाना क्षेत्र के खेदा पुन्नपुर गांव में गुरुवार सुबह मनोज (35) घर के अंदर फांसी पर लटका मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और मामले की जांच कर रही है। मनोज, राम अभिलाख का बेटा था और मुंबई में रहता था। वह तीन दिन पहले परिवार को मुंबई में छोड़कर गांव आया था। परिजनों के मुताबिक, वह परिवार में हो रही रामकथा में शामिल होने आया था। मनोज की पत्नी मुंबई में रहती है। परिवार में दो बेटियां हैं। गुरुवार को मनोज के फांसी लगाने की जानकारी मिलने पर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। फांसी लगाने की वजह पता नहीं संग्रामपुर थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह साफ होगी। फिलहाल मनोज के फांसी लगाने की वजह पता नहीं चली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पराली जलाने पर 30 हजार तक जुर्माना

किसान सम्मान निधि भी रुक सकती है

अमन लेखनी समाचार

अमेठी , पराली जलाने पर किसानों को 30 हजार रुपए तक जुमार्ना देना पड़ सकता है। किसान सम्मान निधि समेत सरकारी योजनाओं का लाभ भी रोका जा सकता है। किसानों को जागरूक करने के लिए डीएम शशांक चौधरी ने कलेक्ट्रेट से प्रचार वाहन रवाना किए। ये वाहन जिले के सभी विकासखंडों और गांवों में जाकर पराली के सही इस्तेमाल, फसल अवशेषों के प्रबंधन और पराली जलाने से होने वाले नुकसान की जानकारी देंगे। यह अभियान फसल अवशेषों के खेत में ही प्रबंधन की योजना के तहत चलाया जा रहा है। डीएम ने किसानों से फसल कटाई के बाद पराली और अन्य फसल अवशेष नहीं जलाने की अपील की। सूक्ष्म जीव व प्राकृतिक पोषक तत्व नष्ट उन्होंने कहा कि पराली जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है और मिट्टी के लाभकारी सूक्ष्म जीव व प्राकृतिक पोषक तत्व नष्ट होते हैं। इससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति घटती है। उन्होंने किसानों से कृषि यंत्रों की मदद से पराली को मिट्टी में मिलाने या बायो डीकम्पोजर से खेत में ही गलाने को कहा। इससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी और रासायनिक खाद पर खर्च कम होगा। पराली दो, खाद लो अभियान के तहत किसान नजदीकी गौशाला में पराली देकर उसके बदले खाद ले सकते हैं। डीएम के मुताबिक, 2 एकड़ तक पराली जलाने पर 5,000 रुपए, 2 से 5 एकड़ तक 10,000 रुपए और 5 एकड़ से अधिक जमीन पर 30,000 रुपए तक जुमार्ने का प्रावधान है। किसान सम्मान निधि समेत सरकारी योजनाओं का लाभ भी रोका जा सकता है। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योति सिंह और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

बाहुबली का केशव पर तंज- सवाल पूछने पर पिटवाता नहीं

पद छोड़कर रैली करके दिखाइए, जिंदगीभर गुलाम रहूंगा; प्रयागराज में तलवार-फरसा लहराए

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , बाहुबली और पूर्व विधायक उदयभान करवरिया ने गुरुवार को जिला मुख्यालय से करीब 22 किलोमीटर दूर रामपुर करछना में शक्ति प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जब तक किसी के पास पद होता है, उसके आसपास चाटुकारों की भीड़ लगी रहती है। किसी को टिकट तो किसी को पद चाहिए। डिप्टी सीएम केशव मौर्य का नाम लिए बिना उन्हें चुनौती देते हुए उदयभान ने कहा, पद छोड़कर एक ऐसी रैली करके दिखाइए, मैं जिंदगीभर आपका गुलाम बनकर रहूंगा। उदयभान ने प्रयागराज में हुए प्रबुद्ध ब्राह्मण सम्मेलन के दौरान हंगामे और थप्पड़बाजी को लेकर भी केशव मौर्य पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, अगर कोई सवाल पूछना चाहेगा तो उसका स्वागत करूंगा। मैं उन लोगों में से नहीं हूं, जो किसी वरिष्ठ नेता से सवाल पूछने पर धक्का देकर पुलिस हिरासत में पिटवाते हैं। दरअसल, 2 नवंबर को प्रयागराज में केशव मौर्य एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान दो युवकों ने हाथ उठाकर कहा- 'केशव जी, यूजीसी पर भी कुछ कहिए।' इस पर डिप्टी सीएम नाराज हो गए। उन्होंने कहा, ह्लचुप रहो, चलो। मैं सब कुछ बोलूंगा। मैं कोई चीज बोलने से कभी नहीं रुकता हूं।ह्व इसके बाद पुलिस ने दोनों युवकों को पकड़ लिया। आरोप है कि अल्लापुर से भाजपा पार्षद विनय मिश्रा ने एक युवक को थप्पड़ मार दिया। कार्यक्रम की शुरूआत 101 ब्राह्मणों के शंखनाद से हुई। उदयभान करीब 10 हजार समर्थकों के साथ घर से कार्यक्रम स्थल पहुंचे। इस दौरान समर्थक हाथों में तलवार और फरसा लहराते दिखे। गाड़ियों के काफिले के कारण प्रयागराज-मिजार्पुर हाईवे पर करीब 4 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। करीब 10 साल जेल में रहने और पत्नी के निधन के बाद उदयभान एक बार फिर राजनीति में सक्रिय हुए हैं।

युवक नहीं मिला तो मां पर फेंका बम

महिला बोली- घर में घुसकर किया हमला, चेहरे पर लगे छर्रे; 2 आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , करेली में एक युवक को तलाशते हुए उसके घर पहुंचे तीन हमलावरों ने उसकी मां पर बम से हमला कर दिया। युवक घर पर नहीं मिला तो आरोपियों ने उसकी 40 वर्षीय मां शबीना बेगम को निशाना बनाया। विस्फोट में बम के छर्रे महिला के चेहरे पर लगे, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वारदात के बाद फरार हुए तीन आरोपियों में से दो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तीसरे की तलाश की जा रही है। घटना सोमवार रात करीब 11 बजे हड्डी गोदाम इलाके की है। पुलिस के मुताबिक, युवक रहमान का करीब चार-पांच महीने पहले कुछ लोगों से विवाद हुआ था। इसी रंजिश में आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया।

रहमान को खोजते हुए घर पहुंचे थे तीनों आरोपी

हड्डी गोदाम निवासी रहमान काम के सिलसिले में घर से बाहर रहता था। दीपावली से चार-पांच दिन पहले ही वह घर लौटा था। पुलिस पूछताछ में रहमान ने बताया कि कुछ महीने पहले उसका अयान, समीम उर्फ समीर कान्चा समेत कुछ लोगों से विवाद हुआ था। इसके बाद वह बाहर चला गया थाआरोप है कि सोमवार रात अयान, समीम उर्फ समीर कान्चा और वारिस रहमान को खोजते हुए उसके घर पहुंचे। दरवाजा खटखटाकर उन्होंने रहमान के बारे में पूछा। उसकी मां शबीना बेगम ने बताया कि वह घर पर नहीं है और कहीं बाहर गया है।इसके बाद तीनों गालीगलौज करते हुए घर में घुस गए। मां ने विरोध किया तो आरोपियों ने उन पर बम फेंक दिया। विस्फोट में छर्रे शबीना के चेहरे पर लगे और वह लहूलुहान होकर गिर पड़ीं। घर के अन्य सदस्यों ने शोर मचाया तो आसपास के लोग जुटने लगे। इस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।

मुर्गा दरबार कछार के पास से दो गिरफ्तार

घटना के बाद रहमान की तहरीर पर करेली थाने में अयान, समीम उर्फ समीर कान्चा और वारिस के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।पुलिस ने सर्विलांस सेल नगर टीम की मदद से बुधवार को मुखबिर की सूचना पर मुर्गा दरबार कछार के पास दबिश देकर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान हड्डी गोदाम निवासी अयान (21) और जेके आशियाना निवासी समीम उर्फ समीर कान्चा (24) के रूप में हुई है।

छठ पर्व के लिए अमेठी प्रशासन ने सुरक्षा इंतजाम किए

अमेठी में 13-16 नवंबर तक घाटों पर गोताखोर, सीसीटीवी, बैरिकेडिंग और निगरानी की व्यवस्था

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन ने घाटों और पूजा स्थलों पर इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। पर्व 13 से 16 नवंबर 2026 तक मनाया जाएगा। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योति सिंह ने सभी उपजिलाधिकारियों से नदी घाटों, तालाबों और अन्य पूजा स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था करने को कहा है। उन्होंने शासन और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों का पालन कराने के निर्देश भी दिए। पर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है। इसे देखते हुए हर तहसील और संबंधित इलाके में आपातकालीन नियंत्रण कक्ष बनाया जाएगा। संभावित दुर्घटना वाले स्थानों की पहचान कर वहां अतिरिक्त सुरक्षा इंतजाम होंगे। घाटों पर आने-जाने के लिए अलग-अलग रास्ते तय किए जाएंगे। भीड़ को संभालने के लिए ज्यादा भीड़ वाले स्थानों पर बैरिकेडिंग, रस्सियां और संकेतक बोर्ड लगाए जाएंगे। सुरक्षा निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन या अन्य तकनीक का इस्तेमाल होगा। सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली से श्रद्धालुओं को सुरक्षा निर्देश दिए जाएंगे।संवेदनशील नदी घाटों और तालाबों पर खास सुरक्षा इंतजाम होंगे।

शादी के लिए 60 फीट ऊंचे टावर पर चढ़ी लड़की

प्रेमी से शादी की जिद पर अड़ी, सीओ के समझाने पर 2 घंटे बाद नीचे उतरी

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर , 15 वर्षीय नाबालिग लड़की प्रेमी से शादी करने की जिद में मोबाइल टावर पर चढ़ गई। बुधवार शाम करीब 7 बजे वह प्रेमी से शादी करवाने की मांग करने लगी। सीओ लंभुआ ऋतिक कपूर के समझाने पर करीब 2 घंटे के बाद वह टावर से नीचे उतरी। इसके बाद पुलिस ने उसे मां के हवाले कर दिया। हालांकि, वह घर पर रहने के लिए राजी नहीं हुई। इसके बाद उसकी निगरानी के लिए दो पुलिसकर्मी घर पर तैनात कर दिए गए हैं। मामला जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर चांदा कोतवाली क्षेत्र का है।कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली लड़की (15) का गांव के ही गुड्डू सरोज के बेटे किशन (17) सरोज से करीब करीब 2 साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा है। दोनों एक-दूसरे शादी करना चाहते हैं। दोनों के परिवार वाले शादी के पक्ष में नहीं हैं। लड़का इस दिनों प्रतापगढ़ अपने रिश्तेदारी में रह रहा है। शाम को लड़कीघर पर अपने प्रेमी से बात कर रही थी। इस दौरान उसकी मां ने फोन से बात करने पर मान किया, इससे वह नाराज होकर गांव के पास स्थित मोबाइल टावर पर करीब 60 ऊंचाई पर चढ़ गई। गांवावालों पहले उसे नीचे उतारने की कोशिश की, लेकिन वह प्रेमी को बुलाकर शादी कराने की जिद करने लगी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक चांदा थाना राजकुमार वर्मा पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल लड़कीको मनाने की कोशिश की। प्रभारी निरीक्षक की बात नहीं मानी। इसके बाद सीओ रितिक कपूर मौके पर पहुंच गए।

शादी करवाने की शर्त पर टावर से नीचे उतरी

उन्होंने टावर से नीचे उतरने के लिए कहा, तो लड़की ने शादी को लेकर अपनी बात रखी। उसने कहा- हमारी उसी लड़के से शादी कराई जाए, उसका कोई भी विरोध न करें। इस पर सीओ ने परिवार वालों को भी राजी करवाया। तब जाकर करीब 2 घंटे बाद किशोरी टावर से नीचे उतरी। किशोरी तीन बहन है। तीनों बहनों में किशोरी सबसे छोटी है। बताया जा रहा है कि किशन तीन बहनों का इकलौता भाई है। वह भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर है। उसके पिता मजदूरी करते हैं। दोनों परिवारों के घरों के बीच करीब 200 मीटर की दूरी है। जानकारी के मुताबिक, लड़कीऔर किशन दोनों पढ़ाई नहीं करते हैं।

सीओ ऋतिक कपूर ने बताया-

पुलिस को यह सूचना मिली कि करीब 15 वर्षीय एक किशोरी मोबाइल टॉवर पर चढ़ गई है।

जानलेवा हमले के आरोपी सिपाही को मिली जमानत

कोर्ट ने देश छोड़ने पर लगाई रोक, धमकी न देने समेत चार शर्तें रखीं

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर , जानलेवा हमले के मामले में जेल में बंद रायबरेली में तैनात कांस्टेबल अमित कुमार अग्रहरि को गुरुवार शाम 4:30 बजे कोर्ट से जमानत मिल गई। जिला जज सुनील कुमार ने जमानत के साथ चार शर्तें भी लगाई हैं। अमित को कोर्ट की अनुमति के बिना देश छोड़ने और गवाहों को धमकाने की मनाही है।

दो नवंबर को कोर्ट में किया था सरेंडर

अमित ने दो नवंबर को कोर्ट में सरेंडर किया था। इसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया था। डीजीसी क्रिमिनल पवन कुमार दुबे ने बताया कि अमित धनपतगंज थाना क्षेत्र के आरडीह मौजा पीरो सरैया गांव के रहने वाले हैं। वह उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल हैं और फिलहाल रायबरेली जिले में तैनात हैं।

युवती के परिवार पर हमले का आरोप

डीजीसी के मुताबिक, आरोप है कि अमित ने धनपतगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती पर स्कूल और कोचिंग आते-जाते समय अनैतिक बात करने का दबाव बनाया था। युवती के मना करने पर एक जून 2026 को अमित ने अन्य आरोपियों के साथ मिलकर उसके पिता, भाई और परिवार के दूसरे सदस्यों पर हमला किया।

जमीनी विवाद में अधेड़ की पीटकर हत्या

अमेठी में बेटा गंभीर घायल, विधायक प्रतिनिधि ने परिवार को आर्थिक सहायता दी

अमन लेखनी समाचार



अमेठी, कोतवाली क्षेत्र के राजू का पुरवा नरैनी गांव में मंगलवार सुबह जमीनी विवाद में कन्हैया लाल वर्मा की पीटकर हत्या कर दी गई। हमले में उनका बेटा संतोष गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। मंगलवार सुबह जमीन को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई थी। इसके बाद दूसरे पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडों से संतोष पर हमला कर दिया। पिता कन्हैया लाल उसे बचाने पहुंचे, तो उन पर भी हमला किया गया।

आसपास के लोग दोनों घायलों को जिला अस्पताल ले गए। इलाज के दौरान कन्हैया लाल की मौत हो गई। संतोष का अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया है।

तीन नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया

सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने दो से तीन नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बाकी आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। मंगलवार दोपहर एक बजे अमेठी विधायक महाराजी प्रजापति के प्रतिनिधि अनुराग प्रजापति कन्हैया लाल वर्मा के घर पहुंचे। उन्होंने परिवार को आर्थिक सहायता दी और आगे भी मदद का भरोसा दिया। अनुराग प्रजापति के साथ अरुण प्रजापति, पिंटू यादव, दिनेश सिंह, नान भैया, मुकेश यादव और सचिन मौर्य समेत कई सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पुलिस स्थिति पर नजर रख रही

घटना के बाद गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है। अमेठी कोतवाली पुलिस के साथ संग्रामपुर पुलिस भी मौके पर मौजूद है। गांव में तनाव है और पुलिस स्थिति पर नजर रख रही है।

बेटी की शादी के कार्ड बांटकर घर लौट रहे थे दंपती से लूट

पति के सिर पर ईंटों से मारा

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़ , बेटी की शादी के कार्ड बांटकर और भाईदूज पर मायके से लौट रहे दंपती को बदमाशों ने सुनसान रास्ते पर घेर लिया। खेतों से निकले दो बदमाशों ने पति के सिर पर ईंटों से ताबड़तोड़ वार कर घायल कर दिया। वहीं, पत्नी का मुंह कपड़े से दबाकर उसे धमकाया और गले से सोने का मंगलसूत्र, मोबाइल और पर्स में रखे 2 से 3 हजार रुपए लूट लिए।वारदात के बाद दोनों बदमाश खेतों के रास्ते फरार हो गए। घायल पति के सिर में कई टांके आए हैं। देर रात एसएसपी नीरज जादौन ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। महुआखेड़ा थाने में दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

शॉर्टकट के चक्कर में सुनसान रास्ते पर पहुंचे

बन्नादेवी क्षेत्र के बरौला जाफराबाद निवासी प्रेमकुमार बैटरी का कारोबार करते हैं। 11 नवंबर को भाईदूज पर वह पत्नी रेखा देवी के साथ गंगीरी स्थित अपनी ससुराल गए थे। वहां पत्नी ने भाइयों को टीका किया। दंपती ने 24 नवंबर को होने वाली बेटी की शादी के कार्ड भी बांटे। देर शाम दोनों बाइक से अलीगढ़ लौट रहे थे। जीटी रोड से धनीपुर एयरपोर्ट के पास याकूतपुर गांव होकर शहर आने वाले संपर्क मार्ग पर शॉर्टकट के चक्कर में चले गए।

सामान ठीक करने के लिए रोकी थी बाइक

याकूतपुर पुलिया से करीब 200 मीटर आगे कायमपुर रोड पर बाइक से बंधा सामान ढीला हो गया। प्रेमकुमार ने बाइक रोककर पत्नी के साथ सामान ठीक करना शुरू किया। इसी दौरान खेतों से दो बदमाश आ गए। आरोप है कि एक बदमाश ने प्रेमकुमार के सिर पर ईंटों से कई वार किए। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरे बदमाश ने रेखा देवी का मुंह कपड़े से दबाया और धमकाकर उसका मंगलसूत्र, मोबाइल और पर्स लूट लिया।

25 से 30 मिनट तक दंपती को धमकाते रहे बदमाश

आरोप है कि बदमाशों ने करीब आधे घंटे तक दंपती को डराया और लूटपाट की। इसके बाद दोनों खेतों के रास्ते भाग गए। घायल प्रेमकुमार किसी तरह पत्नी के साथ वहां से निकले और निजी अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों ने उनके सिर की चोटों पर कई टांके लगाए। अस्पताल से ही उन्होंने परिजनों और पुलिस को सूचना दी।

एसएसपी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

सूचना मिलने पर एसएसपी नीरज जादौन देर रात घटनास्थल पर पहुंचे और निरीक्षण किया। प्रेमकुमार के भतीजे संजू वर्मा ने महुआखेड़ा थाने में तहरीर दी। पुलिस ने दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ बीएनएस की धारा 309(6) में मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक ओमदत्त मिश्रा को सौंपी गई है।

मथुरा जंक्शन पर बची महिला की जान

आरपीएफ कर्मी ने दिखाई तत्परता, चलती ट्रेन में चढ़ने का महिला कर रही थी प्रयास

अमन लेखनी समाचार



मथुरा ,जंक्शन के प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर महिला यात्री की जान आरपीएफ कर्मी की सतर्कता से बच गई। महिला चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रही थी,तभी उसका बैलेंस बिगड़ गया और वह गिरने लगी। लेकिन इससे पहले ही वहां तैनात रेलवे पुलिस के जवान ने उसको पकड़ लिया और जान बचा ली। रेलवे पुलिस कर्मी की इस सतर्कता को देख मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी तारीफ की।

प्लेटफॉर्म संख्या 1 की घटना

गुरुवार की दोपहर 2 बजकर 5 मिनट पर पुरी जाने वाली कलिंगा उत्कल एक्सप्रेस ट्रेन प्लेटफॉर्म संख्या 1 से आगरा की तरफ रवाना हो रही थी। इसी दौरान कोच संख्या र-3 में चढ़ने का एक महिला ने प्रयास किया। चलती ट्रेन में चढ़ने के कारण महिला का संतुलन बिगड़ गया और वह ट्रेन से लटक गई। उसका हाथ गेट पर लगे हैंडल से छूटता और वह ट्रेन और पटरी के बीच आती इससे पहले वहां तैनात रेलवे पुलिस फोर्स के जवान उपदेश कुमार की नजर उन पर पड़ गई। उन्होंने बिना देर किए महिला को पकड़ लिया।

गोद में उठाकर किया साइड

रेलवे पुलिस फोर्स के जवान उपदेश कुमार ने बिना समय गंवाए महिला को गोद में उठा लिया और ट्रेन से दूर कर दिया। तत्काल साहस, सतर्कता और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता ने महिला की जान बचा दी। इस कार्यवाही से महिला को कोई गंभीर चोट नहीं लगी। इसके बाद पुलिस ने उसे स्टेशन पर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद महिला को रिलीव कर दिया।

अलग-अलग पहचान से दो पासपोर्ट बनवाने का आरोपी गिरफ्तार

मुखबिर की सूचना पर दबोचा, मुंबई और प्रतापगढ़ के पते पर बनवाए थे पासपोर्ट

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ , कुंडा पुलिस ने अलग-अलग नाम, माता-पिता के नाम और पते के आधार पर दो पासपोर्ट बनवाने के आरोप में दिलशाद अहमद को गिरफ्तार किया है। दोनों पासपोर्ट मुंबई और प्रतापगढ़ के पतों पर बनवाए गए थे।पुलिस के मुताबिक, दिलशाद अहमद (37) कुंडा थाना क्षेत्र के ताजपुर सरियावां गांव का निवासी है। आरोप है कि उसने कूटरचित दस्तावेजों का इस्तेमाल कर अपनी पहचान से जुड़े विवरण बदले और दो पासपोर्ट बनवाए। दोनों पासपोर्ट में जन्मतिथि एक ही थी। क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय से पत्र मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। जांच में अलग-अलग नाम, माता-पिता के नाम और पते पर दो पासपोर्ट बनवाने की बात सामने आई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की।गुरुवार को मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस ने धमैयापुर मोड़ के पास घेराबंदी कर दिलशाद अहमद को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गुरुवार दोपहर 2:30 बजे मामले का खुलासा किया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अंकित सिंह और कांस्टेबल शिवम सिंह शामिल थे। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।



'हमारी पार्टी किसी धमार्चार्य का रास्ता नहीं रोकती'

सपा विधायक बोले- विरोध धार्मिक भावनाएं आहत होने वालों ने किया; भाजपा डरी हुई है

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , कुंडा में 17 नवंबर से 4 दिनों तक बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री कथा सुनाएंगे। धीरेंद्र शास्त्री के श्रीराम और श्रीकृष्ण पर दिए बयान के बाद उनका विरोध हो रहा है। राजनीतिक दलों ने भी उनके बयान को गलत बताया। कथा पर रोक लगाने की मांग उठ रही है। इसी बीच समाजवादी पार्टी के रानीगंज विधायक डॉ. आरके वर्मा ने कथावाचक के विरोध पर कहा- उनकी पार्टी किसी धमार्चार्य या कथावाचक का रास्ता नहीं रोकती है उन्होंने कहा कि विरोध समाजवादी पार्टी की ओर से नहीं किया गया है। जिन लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है, वे इसका विरोध कर रहे हैं।

धार्मिक प्रवचन में आस्था का रखें ध्यान

विधायक ने कहा- भगवान श्रीकृष्ण और मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम में आस्था रखने वाले लोगों का अपमान किया गया था। धार्मिक प्रवचन करते समय किसी की आस्था को आहत नहीं करना चाहिए। श्रीराम और श्रीकृष्ण पर की गई टिप्पणियां अहंकार से प्रेरित थीं। उन्होंने कथाकारों को ऐसी टिप्पणियों से बचने की नसीहत दी।

सपा से लोग डरते हैं तो यह अलग बात

कथास्थल पर सुरक्षा बढ़ाए जाने के सवाल पर डॉ. वर्मा ने कहा कि सपा से लोग डरते हैं, यह अलग बात है। उनकी पार्टी न किसी का रास्ता रोकती है और न किसी के खिलाफ खड़ी है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग समाज में नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश की जनता नफरत में विश्वास नहीं करती। आम लोग सद्भाव और भाईचारे में यकीन रखते हैं। असदुद्दीन ओवैसी और चंद्रशेखर आजाद के संभावित गठबंधन पर विधायक ने कहा कि उन्हें गठबंधन मुबारक हो।

संक्षेप

हिस्ट्रीशीटर ने युवक से एक लाख रुपए मांगे

गौना गांव में रंगदारी और धमकी का आरोप, एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज

बागपत , चांदीनगर थाना क्षेत्र के गौना गांव में हिस्ट्रीशीटर द्वारा एक युवक से एक लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। रुपये नहीं देने पर आरोपी ने युवक को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर एसपी बागपत के आदेश के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रंगदारी मांगने और धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है।जानकारी के अनुसार गौना गांव निवासी इरशाद पुत्र खजान ने एसपी बागपत को शिकायती पत्र देकर बताया कि 8 नवंबर की शाम वह अपने भाई शौकत के साथ घर के बाहर बैठा हुआ था।इसी दौरान गांव का रहने वाला साजिद पुत्र नवाब वहां पहुंचा। आरोप है कि साजिद ने दोनों भाइयों के साथ गाली-गलौज करते हुए एक लाख रुपये की रंगदारी मांगी। रुपये नहीं देने पर उन्हें अंजाम भुगतने की धमकी भी दी।पीड़ित इरशाद ने अपनी शिकायत में बताया कि आरोपी साजिद हिस्ट्रीशीटर है और वर्ष 2012 में हत्या के मामले में भी अभियुक्त रह चुका है। आरोपी की धमकी के बाद पीड़ित परिवार ने अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई और पुलिस से कार्रवाई की मांग की।मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी बागपत ने चांदीनगर थाना पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस ने आरोपी साजिद के खिलाफ मुकदमा कायम कर लिया। थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि एसपी के आदेश पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

सैनिक पर हमले के आरोपी फरार

बागपत में मोनू और धीरज पर 10-10 हजार रुपए का इनाम घोषित

बागपत , रमाला थाना क्षेत्र के गोपालपुर खडाना गांव में सैनिक सौरभ और उनके भाई विपिन पर हमले के मामले में फरार मोनू और धीरज पर 10-10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है। एसपी पूर्णेन्दु सिंह ने दोनों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं। पुलिस की तीन टीमें उनकी तलाश कर रही हैं।पुलिस के मुताबिक, दीपावली की रात मामूली कहासुनी के बाद मोनू और धीरज ने राष्ट्रपति के अंगरक्षक सौरभ और उनके भाई पर हमला किया था। सौरभ के सिर में गोली लगी थी। उन्हें मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां ऑपरेशन के बाद उनकी हालत सामान्य है।

मेरठ-बागपत हाईवे पर नकाबपोश बदमाश स्कॉर्पियो लूटकर भागे

साध्वी योगी अंजली नाथ के काफिले की थी स्कॉर्पियो, जंगल में छोड़कर भागे बदमाश

मेरठ , मेरठ-बागपत हाईवे पर सुबह नकाबपोश बदमाशों ने दिनदहाड़े स्कॉर्पियो लूटकर सनसनी फैला दी। बदमाशों ने उस गाड़ी को निशाना बनाया, जो साध्वी योगी अंजली नाथ के प्रोटोकॉल में चल रही थी। चालक के कुछ देर के लिए गाड़ी से नीचे उतरते ही बदमाश स्कॉर्पियो लेकर फरार हो गए।घटना के बाद पीछे चल रही दूसरी गाड़ी में सवार लोगों ने शोर मचाया और के जरिए लूटी गई स्कॉर्पियो की लोकेशन ट्रेस कर पीछा शुरू किया।

थाना प्रभारी के ऊपर घूसखोरी का आरोप लगाने वाली महिला जल्द उठा सकती है बड़ा कदम

बड़े अटकलों के बाद पुलिस अधीक्षक से पहली बार मिल पाई बुजुर्ग महिला

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर ,जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र के सानी गढ़वा निवासिनी 70 वर्षीय बुजुर्ग विधवा असहाय महिला रजिया पत्नी स्वर्गीय शब्बीर की आंखें रो-रो कर न्याय की राह देख रही है वहीं न्याय की आशा लेकर बुजुर्ग रजिया कई बार क्षेत्राधिकारी बिंदकी तथा अनेकों बार पुलिस अधीक्षक कार्यालय फतेहपुर पहुंची परंतु प्रशासनिक कर्मचारियों की मिली भगत के कारण पुलिस अधीक्षक से मौजूदा लोगों ने मुलाकात नहीं कराई तथा न्याय का आश्वासन देते रहे वही विगत दिवस रजिया अचानक सभी साक्ष्य सबूतों को लेकर पुनः पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची जहां एक बार फिर उसे पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक से मिलने के लिए गुमराह करने का प्रयास किया गया परंतु अपनी जिद में अड़ी महिला ने इस बार अपील करते हुए पुलिस अधीक्षक से रूबरू हुई जनपद के होनहार न्याय प्रिय पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बुजुर्ग महिला से पूरी जानकारियां ली जहां महिला ने बताया कि जहानाबाद थाना प्रभारी योगेश कुमार द्वारा मांगी गई 50000 रुपए की समझौते के नाम पर घूस के रूप में धनराशि मांगी गई तथा जबरन दबाव बनाया गया वहीं महिला ने अपने जेवर गिरवी रखकर 20000 रुपए थाना प्रशासन को दिए वहीं मामला प्रकाश में आया तो थाना प्रभारी जहानाबाद द्वारा समझौते का निरंतर दबाव बनाया जा रहा था जहां महिला ने समझौते की जगह न्याय की मांग की तो थाना प्रभारी ने अनेकों फतवे जारी किए तथा रात में महिला के घर प्रशासन को भेजकर निरंतर दबाव डाला इसके बाद भी महिला दबाव में नहीं आई तो पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कार्यरत एक उप निरीक्षक द्वारा व्यक्तिगत फोन कराते हुए मामले को नया मोड देने का प्रयास किया गया जहां एसपी ऑफिस का अधिकारी बताने वाला व्यक्ति महिला को उधार के रूप में दिए गए पैसे थाना प्रभारी से वापस लेने की सलाह देते नजर आए यह ऑडियो जोर शोर से वायरल हुआ वही पुलिस अधीक्षक के समक्ष पहुंची महिला ने यह दुख दर्द अधिकारी के सामने बताया जहां तत्काल मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने एसपी कार्यालय में नियुक्त उप निरीक्षक को बुलाकर पूछताछ करते हुए कड़ी फटकार लगाई देखना यह है कि आखिर जहानाबाद की रजिया को फतेहपुर का प्रशासन न्याय देने में कहां तक सफल होता है

अज्ञात चोरों ने उड़ाए सोने चांदी के आभूषणों समेत नगदी

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर ,जनपद के खखरेरू थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव बिछियावां में अज्ञात पेशेवर चोरों ने प्रशासनिक व्यवस्था को अंगूठा दिखाते हुए सुना घर पाकर घर में घुसे तथा घटना को अंजाम दे दिया मिली जानकारी के अनुसार अज्ञात सातिर चोरों ने साड़ियों को जोड़कर एक रस्सी का निर्माण किया तथा घटना को अंजाम देने के पश्चात रस्सी के सहारे उतर कर गायब हो गए पीड़ितने नजदीकी थाना खखरेरू में लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह अहमदाबाद के सूरत शहर में मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता है विगत रात्रि बुधवार प्रातः गुरुवार को मकान के पीछे सीढी के रास्ते से अज्ञातचोरों ने घर के अंदर घुसकर अलमारी का ताला तोड़ सोने चांदी के आभूषण तथा खेतों के काम के लिए खर्च करने हेतु रखे 20000 रुपए लेकर भाग खड़े हुए साड़ी द्वारा बनाई गई रस्सी को देखते हुए अज्ञात चोर एक पेशेवर दिखाई दे रहे हैं वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि पीड़ित रामगोपाल के घर घटना को अंजाम देने से पहले दूसरे भाई के घर में अज्ञात चोरों ने सेंध लगाई थी परंतु वहां पर प्रयास असफल रहा घटना की जानकारी जैसे ही सुबह पीड़ित के परिवार वालों को हुए तो तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई जहां सूचना पाकर पहुंचे थाना प्रभारी सतपाल सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया इस घटना से पूरे गांव में भय व्याप्त हो चुका है ग्रामीणों ने बताया कि विगत 22 अगस्त को भी गांव में एक बड़ी चोरी हुई थी परंतु प्रशासन ने उस चोरी का आज तक खुलासा नहीं किया इसी कारण यह घटना दोहराई गई वही प्रशासनिक बयानों के अनुसार ग्रामीण प्रशासन के ढीले रवैया को देखते हुए स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं

बंदरों के झुंड से भयभीत होकर छत से गिरे बुजुर्ग की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर ,जनपद के बिंदकी कोतवाली कस्बे के मोहल्ला पैगंबरपुर निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग कर्मकांड के प्रकांड पंडित रमाकांत तिवारी पुत्र स्वर्गीय रामस्वरूप तिवारी की बंदरों के हमले करने के कारण मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार बुजुर्ग अपनी छत में जाकर पानी की टंकी देख रहे थे तभी लाल रंग के बंदरों का एक झुंड सामने आ गया और उन पर हमला कर दिया बचाव के लिए बुजुर्ग छत में लगी रेलिंग की तरफ भागे तथा अनियंत्रित होकर छत से सीधे नीचे जमीन में आ गिरे ऊपर छत से गिरने पर बुजुर्ग आचार्य गंभीर रूप से घायल हो गए जहां परिजन तत्काल उन्हें लेकर नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी पहुंचे चिकित्सकों ने हालात गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार करने के पश्चात रेफर कर दिया परिजन अपनी गाड़ी से लेकर घायल बुजुर्ग को लखनऊ पीजीआई अस्पताल उपचार हेतु जा रहे थे जहां मध्य रास्ते में ही बुजुर्ग रमाकांत तिवारी की सांसें थम गई यह जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली तो घर में कोहराम मच गया वहीं गुरुवार मध्य रात्रि मृतक बुजुर्ग का शव उनके निज निवास पहुंचा

देर रात निकाला गया कुएं से युवती का शव प्रशासन ने भेजा पोस्टमार्टम हाउस

अमन लेखनी समाचार



जहानाबाद, फतेहपुर , जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत को बुढ़वां गांव की निवासिनी 16 वर्षीय किशोरी कंचन पुत्री ऊदन अरख ने घर पर हुई मां बेटी में कहा सुनी के पश्चात एक खंडहर नुमा कुए में कूद गई जिसकी जानकारी परिजनों को नहीं थी वहीं देर शाम तक घर से निकल जाने के बाद बेटी कंचन घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने तलाश प्रारंभ की दूसरे दिन बुधवार को गांव के पास एक पुराने खंडहरनुमा कुए के अंदर युवती की दिखाई देने की जानकारी मिली मौजूदा कुछ लोगों ने देखा तथा शोर मचाया कुछ ही देर में भारी भीड़ इकट्ठा हो गई वहीं पिता ऊदन ने स्थानीय पुलिस प्रशासन को सूचना दी सूचना पाकर पहुंचे थाना प्रभारी जहानाबाद योगेश कुमार समेत भारी पुलिस बल ने ग्रामीणों के सहयोग से किशोरी को बाहर निकालने का पूरा प्रयास किया परंतु कुंआ अत्यंत गहरा तथा जर्जर हो जाने के कारण अथक प्रयास करने के बाद भी देर शाम तक किशोरी को बाहर नहीं निकल सके वही ग्रामीणों ने देर रात्रि लगभग 11 बजे अथक प्रयास के बाद युवती को बाहर निकाला जबकि युवती की मौत हो चुकी थी शव के बाहर निकलते ही घर में मां समेत पिता तथा भाइयों में कोहराम मच गया ग्रामीणों ने बताया कि पिता ऊदन मेहनत मजदूरी का काम करके अपने तीन बेटों समेत इकलौती बेटी कंचन तथा पत्नी का पालन पोषण करता है इस घटना से पूरा गांव शोकाकुल हो उठा वही जानकारी लेने पर प्रशासन ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है

उधार नहीं चुकाया तो स्कॉर्पियो ले गया युवक

मेरठ में मालिक ने लूट की सूचना दी; बागपत पुलिस ने गाड़ी पकड़ी

अमन लेखनी समाचार

मेरठ,स्कॉर्पियो लूट की सूचना पर कंकरखेड़ा, जानी और बागपत पुलिस गाड़ी की तलाश में जुटी। बागपत पुलिस ने स्कॉर्पियो पकड़ ली। जांच में मामला उधारी के लेनदेन का निकला। अब कंकरखेड़ा पुलिस गाड़ी मालिक से पूछताछ कर रही है।भावनपुर थाना क्षेत्र के जहीर ने दो दिन पहले अपनी स्कॉर्पियो कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में रहने वाले एक दोस्त को दी थी। बताया गया है कि जहीर के दोस्त पर जानी क्षेत्र के एक युवक की उधारी थी। बुधवार को जहीर का दोस्त स्कॉर्पियो लेकर रिश्तेदारी में जा रहा था। इसी दौरान उधारी की रकम मांग रहे युवक ने कथित तौर पर उसे रोक लिया और गाड़ी लेकर बागपत की ओर चला गया। जहीर को इसकी जानकारी मिली तो उसने कंकरखेड़ा पुलिस को स्कॉर्पियो लूटे जाने की सूचना दी। पुलिस ने गाड़ी की तलाश के लिए टीम भेजी और वायरलेस पर सूचना दी। इसके बाद बागपत पुलिस ने स्कॉर्पियो पकड़ ली। पूछताछ में मामला उधारी के लेनदेन से जुड़ा मिला। लूट की सूचना और घटनाक्रम में अंतर मिलने के बाद कंकरखेड़ा पुलिस जहीर से पूछताछ कर रही है। पुलिस यह पता लगा रही है कि स्कॉर्पियो ले जाने की पूरी घटना क्या थी और लूट की सूचना किन परिस्थितियों में दी गई।



गाजियाबाद में थाने के अंदर युवक की हत्या

सीने पर चाकू मारे, पुलिस वाले देखते रहे; भाई दूज मनाकर घर आया था

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद , थाने के अंदर 20 साल के युवक की हत्या कर दी गई। हमलावर ने उसके सीने पर चाकू से वार किए। जिससे युवक खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ा। चाकू मारकर भाग रहे आरोपी को पुलिसवालों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। पुलिस ने युवक के घरवालों की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है।युवक के छोटे भाई ने बताया कि 6 नवंबर को भी हमलावरों ने भाई के साथ मारपीट की थी। तब पुलिस दोनों पक्षों को थाने लेकर गई थी। इसके बाद पुलिस ने मेरे भाई को ही जेल भेज दिया था। मामला विजयनगर थाने का शाम 6 बजे का है।

घर के बाहर झगड़ा हुआ, पुलिस ले गई थाने

सर्वोदय नगर में रहने वाले यशपाल का बेटा आयुष नोएडा में एक कंपनी में काम करता था। बुधवार शाम वह भैया दूज मनाकर घर लौटा था। घर के बाहर उसे चरण सिंह कॉलोनी में रहने वाले सोनू ने अपने साथियों के साथ घेर लिया। उसके साथ मारपीट की। मोहल्ले वालों की शिकायत पर विजय नगर थाना पुलिस पहुंची। पुलिस को देखकर सोनू के साथी भाग गए। पुलिस आयुष और सोनू को पकड़ कर थाने लेकर गई।पीछे-पीछे आयुष के घरवाले भी पहुंच गए। यहां थाने में घुसते ही सोनू ने आयुष के सीने पर चाकू से वार कर दिया। चाकू लगते ही आयुष जमीन पर गिर पड़ा। पुलिस ने उसको अस्पताल भेजा, जहां उसकी मौत हो गई। इसी बीच, पुलिस ने आरोपी सोनू को पकड़ लिया।



भाई बोला- 6 नवंबर को भी मारपीट की थी

आयुष के भाई अमन ने बताया कि धनतेरस (6 नवंबर) पर भी झगड़ा हुआ था। उस दिन मैं भाई के साथ ड्यूटी पर जा रहा था। रास्ते में आरोपियों ने हम लोगों से मारपीट की और फिर खुद ही पुलिस को बुला लिया। पुलिसवाले आए और आयुष को जीप में बैठाकर ले गए थे। अमन ने दूसरे पक्ष के लोगों को पकड़ने की बात कही। इस पर पुलिसवालों उसके साथ भी मारपीट की थी। आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहे थे अमन का आरोप है कि परिवार के लोग आयुष को थाने से छुड़ाकर घर ले आए थे। इसके बाद पुलिस से शिकायत भी की गई थी। पुलिस एकतरफा कार्रवाई करते हुए आयुष को ही जेल भेज दिया था। उधर, झगड़े के बाद सोनू लगातार आयुष को हत्या की धमकी दे रहा था कोतवाली उपासना पांडे ने बताया कि घरवालों की शिकायत पर केस दर्ज कर एक आरोपी सोनू को हिरासत में लिया गया है।

प्रवेश विहार में ताबड़तोड़ फायरिंग

2 गाड़ियों में आए बदमाशों ने घर के बाहर गोलियां चलाईं, हत्या की धमकी देकर फरार

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , मेडिकल थाना क्षेत्र के प्रवेश विहार में रात में दो गाड़ियों में सवार होकर आए हथियारबंद बदमाशों ने एक घर के बाहर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। अचानक हुई फायरिंग से इलाके में भगदड़ मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने घरों के भीतर घुसकर अपनी जान बचाई। आरोप है कि करीब 10 युवक दो गाड़ियों में सवार होकर पहुंचे थे। इनमें से दो युवक हथियार लेकर नीचे उतरे और हवाई फायरिंग करते हुए विभु शर्मा नाम के युवक को 24 घंटे के भीतर हत्या करने की धमकी दी।एक आरोपी ने अपना नाम हर्ष सियान बताते हुए खुद के जेल से छूटकर आने की बात भी कही। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

2 गाड़ियों में 10 युवक पहुंचे

दरअसल, प्रवेश विहार में एमबीएल पब्लिक स्कूल के पास रहने वाले विभु शर्मा ने मेडिकल थाना पुलिस को तहरीर दी। बताया कि रात उनके घर के सामने अचानक दो गाड़ियां आकर रुकीं। इनमें एक ब्रेजा और दूसरी अर्टिगा कार थी।

करीब 10 युवक सवार थे। आरोप है कि इनमें से 2 युवक हथियार लेकर नीचे उतरे। एक के हाथ में पिस्टल और दूसरे के हाथ में तमंचा था। दोनों ने घर के सामने हवाई फायरिंग शुरू कर दी।



आरोपी बोले- 24 घंटे के भीतर हत्या कर देंगे

विभु शर्मा के मुताबिक, फायरिंग के दौरान एक युवक ने अपना नाम हर्ष सियान बताया। उसने कहा कि वह जेल से छूटकर आया है। इसके बाद आरोपी ने उन्हें समझ लेने और 24 घंटे के भीतर हत्या करने की धमकी दी। अचानक हुई फायरिंग और खुलेआम दी गई धमकी से परिवार के लोग दहशत में आ गए। गोलियों की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी सहम गए और अपनी जान बचाने के लिए घरों में घुस गए। घटना के बाद पीड़ित ने मेडिकल थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। उन्होंने आरोपियों पर कार्रवाई करने के साथ ही अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि फरार आरोपियों और उनकी गाड़ियों की पहचान की जा सके।

चार टीमें बनाकर बदमाशों की तलाश में जुटी पुलिस

सीओ सिविल लाइन दीक्षा भोरिया ने बताया कि मेडिकल थाना पुलिस को प्रवेश विहार में गोली चलने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर वादी पक्ष से जानकारी ली।

सामने आया कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। दो युवकों के नाम सामने आए हैं। पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। आरोपियों की गिरफ्तारी और घटना के खुलासे के लिए चार पुलिस टीमें गठित की गई हैं।

ग्रेनो वेस्ट मेट्रो के निर्माण को कैबिनेट से मंजूरी

8.5 किमी लंबे रूट पर बनेंगे 5 स्टेशन; दो लाख से ज्यादा लोगों को होगा फायदा

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , ग्रेटर नोएडा वेस्ट तक मेट्रो पहुंचने का रास्ता साफ हो गया है। सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-4 (किसान चौक) तक प्रस्तावित मेट्रो कॉरिडोर को केंद्रीय कैबिनेट से मंजूरी मिल गई है।इसके साथ ही परियोजना के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। अब निर्माण कंपनी की ओर से काम शुरू किया जाएगा। करीब 2390 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस कॉरिडोर से दो लाख से ज्यादा लोगों को फायदा मिलेगा। 8.5 किलोमीटर लंबे इस मेट्रो रूट पर कुल पांच स्टेशन बनाए जाएंगे। इनमें सेक्टर-61, सेक्टर-70, सेक्टर-122, सेक्टर-123 और ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-4 (किसान चौक के पास) शामिल हैं। इस कॉरिडोर के बनने से नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट के बीच मेट्रो कनेक्टिविटी बेहतर होगी। गौड़ चौक के जाम से मिलेगी राहतग्रेटर नोएडा वेस्ट से नोएडा आने-जाने वाले हजारों लोगों को रोजाना जाम से जूझना पड़ता है। खासकर गौड़ चौक और आसपास के रास्तों पर वाहनों का दबाव अधिक रहता है। अभी बड़ी संख्या में लोग निजी वाहनों से सफर करते हैं। मेट्रो शुरू होने के बाद लोगों को सार्वजनिक परिवहन का बेहतर विकल्प मिलेगा। इससे सड़क पर वाहनों का दबाव कम होगा और जाम से भी राहत मिलने की उम्मीद है।

किसान नेता को लात-घूंसों से पीटा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के चिपियाना गांव में घटना, वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर रही पुलिस

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर,ग्रेटर नोएडा वेस्ट के चिपियाना गांव में भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एडवोकेट अक्षित शर्मा के साथ मारपीट हुई। वह एक मामले में फैसला कराने गए थे। वहां मौजूद कुछ लोगों ने उन्हें लात-घूंसों से पीटा। अक्षित शर्मा घायल हो गए घटना के बाद अक्षित शर्मा ने पुलिस में शिकायत की। बिसरख कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज किया और उनका मेडिकल परीक्षण कराया।बिसरख कोतवाली प्रभारी रंजीत सिंह ने बताया कि पुलिस को घटना की जानकारी है और केस दर्ज कर लिया गया है। घटना के वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों को पकड़ने के लिए कई टीमें दबिश दे रही हैं। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। दूबली गांव निवासी राजेंद्र ने पुलिस को बताया कि शाम करीब 6 बजे उनका बेटा सनी घर के दरवाजे पर खड़ा था। इसी दौरान गांव के सुमित और बबलू, और पड़ोसी गांव महमदपुर के कालू वहां पहुंचे। शिकायत के मुताबिक, तीनों ने सनी से गाली-गलौज की। सनी ने विरोध किया तो आरोपियों ने उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। उसे गंभीर चोटें आईं और वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। परिजनों ने सनी को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने रात 7 बजे तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

युवक की हत्या करने वाला मुठभेड़ में गिरफ्तार

पैर में लगी गोली, स्कूटी टच होने पर झगड़े के बाद मर्डर किया था

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर,नोएडा के थाना फेस-1 पुलिस की हत्या के आरोपी आफताब उर्फ तुस्सी से मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में आफताब के पैर में गोली लगी। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। एडिशनल डीसीपी अभय मिश्रा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि आफताब सेक्टर-3 के पार्क में मौजूद है और वहां से भागने की कोशिश कर रहा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो पार्क के बाहर उसकी मोटरसाइकिल मिली। पुलिस के मुताबिक, टीम को देखकर आफताब और उसके साथी भागने लगे। इस दौरान आरोपियों ने पुलिस पर गोली चला दी। जवाबी फायरिंग में आफताब के पैर में गोली लगी। स्कूटी टच होने पर हुआ था विवादपुलिस के मुताबिक, 8-9 नवंबर की रात सेक्टर-15 के नया बांस में बर्थडे पार्टी के दौरान स्कूटी टच होने को लेकर विवाद हुआ था। आफताब अपने साथियों के साथ पार्क में पार्टी कर रहा था। इसी दौरान अमित अपने दोस्तों शिवम, यशपाल और अन्य लोगों के साथ वहां से गुजर रहा था। स्कूटी आफताब से टच होने पर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि आफताब और उसके साथियों ने अमित और शिवम के साथ मारपीट की। इसमें दोनों के सिर में गंभीर चोट आई। दोस्त उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान अमित की मौत हो गई। शिवम का इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की थी।

विधानसभा चुनाव से पहले हरदोई पुलिस में बड़ा फेरबदल, 27 निरीक्षक बाहर

24 को मिली जिले में तैनाती

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की तैयारियों के बीच उत्तर प्रदेश पुलिस में बड़े स्तर पर निरीक्षकों के तबादले किए गए हैं। पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ परिक्षेत्र किरण एस. ने 12 नवंबर को 162 निरीक्षकों के स्थानांतरण का आदेश जारी किया है। इसमें हरदोई जिले से 27 निरीक्षकों को दूसरे जनपदों में भेजा गया है, जबकि अन्य जिलों से 24 निरीक्षकों को हरदोई में तैनाती दी गई है। हरदोई से उन्नाव, सीतापुर, लखीमपुर खीरी और रायबरेली स्थानांतरित किए गए निरीक्षकों में संजय कुमार त्यागी, इंद्रेश कुमार यादव, हरिनाथ, अनिल कुमार, उमाकांत दीपक, बालकृष्ण मिश्रा, विद्यासागर, प्रेमसागर सिंह, वासुदेव यादव, मनोज कुमार सिंह, राजदेव मिश्र, इख्तियार हुसैन, मार्कण्डेय सिंह, प्रमोद कुमार यादव, प्रेमपाल सिंह, विजेंद्र सिंह, अरविंद कुमार राय, नारायण कुमार कुशवाहा, राकेश सिंह यादव, राम अवध चौहान, राजेश कुमार शर्मा, निर्भय कुमार सिंह, उमेश त्रिपाठी, विनोद कुमार, रमेश कुमार द्विवेदी और विजय कुमार वाल्मीकि शामिल हैं। सूची में अनिल कुमार का नाम दो बार दर्ज है। वहीं, लखीमपुर खीरी से रमेश चंद्र पांडेय, विनोद कुमार यादव और संतोष कुमार को हरदोई भेजा गया है। रायबरेली से संतोष कुमार सिंह, श्याम कुमार पाल, भास्कर देव तिवारी, पुष्पा देवी और राजीव सिंह की तैनाती हुई है। सीतापुर से मुकुल प्रकाश वर्मा, मुकेश वर्मा, अरविंद सिंह, भानु प्रताप सिंह, साबिर अली, चंद्रभान यादव, इतुल देवी, अनिल कुमार और राजबहादुर को हरदोई भेजा गया है। उन्नाव से कुंवर बहादुर सिंह, राम प्रकाश, अरविंद कुमार पांडेय, अमरनाथ यादव और बृजेश कुमार शुक्ला को जिले में तैनाती दी गई है। यह तबादले पुलिस महानिरीक्षक स्थापना उत्तर प्रदेश और भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के क्रम में किए गए हैं। आदेश के अनुसार, जिन निरीक्षकों की एक जनपद में तैनाती की अवधि 31 मई 2027 तक पिछले चार वर्षों में तीन वर्ष पूरी हो रही है, उन्हें दूसरे जनपदों में स्थानांतरित किया गया है। संबंधित पुलिस अधीक्षकों को निरीक्षकों को तत्काल कार्यमुक्त कर नवीन तैनाती वाले जनपद में रवाना करने के निर्देश दिए गए हैं।

जालौन एसपी ने पुलिस कार्यालय में की जनसुनवाई, फरियादियों की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश

समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी, जमीनी स्तर पर गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें: एसपी

अमन लेखनी समाचार



जालौन। आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और पीड़ितों को न्याय दिलाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक जालौन सुरेश चन्द्र रावत ने गुरुवार को पुलिस कार्यालय परिसर में जनसुनवाई आयोजित की। इस दौरान जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों ने एसपी के समक्ष अपनी शिकायतें और समस्याएं रखीं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना। जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए संबंधित क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को दूरभाष और पत्राचार के माध्यम से आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पीड़ितों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में केवल कागजी खानापूर्ति न हो, बल्कि मौके पर वास्तविक समाधान दिखाई देना चाहिए, जिससे फरियादियों को न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि थानों पर आने वाले प्रत्येक पीड़ित के साथ मानवीय एवं संवेदनशील व्यवहार किया जाए तथा शिकायत मिलने पर नियमानुसार त्वरित विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही या हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपद पुलिस आमजन की सुरक्षा, संरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। फरियादियों की समस्याओं का निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पुलिस की प्राथमिकता है।

हरदोई में अतिक्रमण के विरोध पर चाकूबाजी, बीच चौराहे पर मची अफरा-तफरी

हरदोई। शहर के महाराजा बिजली पासी चौक (जिन्द पीर चौराहा) पर अतिक्रमण के विरोध में ठेला संचालक और ऑटो चालक के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट और चाकूबाजी में बदल गई। बीच चौराहे पर हुई घटना से अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक कैनाल रोड मोड़ पर अवैध सीएनजी ऑटो और डग्गामार वाहनों का कब्जा बना हुआ है, जिससे आए दिन जाम और अव्यवस्था की स्थिति रहती है। लोगों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए अतिक्रमण हटाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

गाली-गलौज का विरोध करने पर दो भाइयों को पीटा, छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

माधौगंज (हरदोई)। थाना क्षेत्र के हसनपुर ज्योली गांव में गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने दो भाइयों के साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी जयप्रकाश पुत्र राजबहादुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 10 नवंबर को सुबह करीब 11 बजे गांव के कुलदीप सिंह, रज्जन सिंह, नीर सिंह, गोलू, विवेक और पुष्पेंद्र सिंह शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके भाई सचिन को भी लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर छह आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

19 वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता, दो महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज

बेहंदर। क्षेत्र के तेरवा दहिगवां गांव में 19 वर्षीय युवती के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। युवती की मां की तहरीर पर पुलिस ने गांव की दो महिलाओं के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 87 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी मिलाना पत्नी रामशंकर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी बेटी अमितादेवी चार नवंबर की रात करीब तीन बजे घर से बिना किसी को बताए कहीं चली गई। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका। मां ने गांव की ही गायत्री पत्नी गोकर्ण और वंदना पुत्री गोकर्ण पर बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया है। साथ ही आशंका जताई है कि दोनों महिलाओं को युवती के वर्तमान ठिकाने की जानकारी है। मामले में पुलिस ने नौ नवंबर को अपराध संख्या 451/2026 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रकरण की जांच उपनिरीक्षक ब्रजेश कुमार यादव को सौंपी गई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

भीरा क्षेत्र में सरकारी गौशाला खुलवाने की मांग, राष्ट्रीय बजरंग दल ने विधायक को सौंपा प्रार्थना पत्र

'निराश्रित गोवंश की समस्या को लेकर उठाई आवाज, किसानों को फसल नुकसान से राहत दिलाने की मांग'

अमन लेखनी समाचार



भीरा खीरी। भीरा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में निराश्रित गोवंश की बढ़ती समस्या को देखते हुए राष्ट्रीय बजरंग दल ने सरकारी गौशाला खुलवाने की मांग उठाई है। संगठन की ओर से इस संबंध में पलिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोमी साहनी को प्रार्थना पत्र देकर जनहित में आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि भीरा एवं आसपास के ग्रामीण इलाकों में बड़ी संख्या में निराश्रित गोवंश सड़कों और खुले स्थानों पर घूमते रहते हैं। इनके रहने, खाने-पीने और उचित देखभाल की व्यवस्था नहीं होने के कारण गोवंश को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं, खुले में घूम रहे गोवंश किसानों की फसलों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों और किसानों को काफी दिक्कतें हो रही हैं। राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने विधायक से मांग की है कि जनहित और गोसेवा को ध्यान में रखते हुए भीरा क्षेत्र में एक सरकारी गौशाला खुलवाई जाए, ताकि निराश्रित गोवंश को सुरक्षित आश्रय, चारा, पानी और उचित देखभाल मिल सके। इससे किसानों को भी फसल नुकसान की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। संगठन ने उम्मीद जताई है कि विधायक इस जनहितकारी मांग को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित करेंगे। इस दौरान राष्ट्रीय बजरंग दल भीरा क्षेत्र के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने इस मांग को जनहित का महत्वपूर्ण मुद्दा बताते हुए जल्द से जल्द गौशाला निर्माण की पहल किए जाने की अपील की। मुख्य मांगः भीरा क्षेत्र में सरकारी गौशाला की स्थापना कर निराश्रित गोवंश के लिए चारा, पानी, सुरक्षित आश्रय एवं उचित देखभाल की व्यवस्था कराई जाए।

आईजीआरएस रैंकिंग में जालौन पुलिस का जलवा, लगातार 10वीं बार प्रदेश में प्रथम स्थान

जनपद के सभी 18 थानों ने भी हासिल किया प्रदेश में पहला स्थान, सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में लगातार दूसरे स्थान पर बरकरार

अमन लेखनी समाचार



जालौन। जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के मामले में जालौन पुलिस ने प्रदेश स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया है। आईजीआरएस (जनसुनवाई पोर्टल) की जनवरी से अक्टूबर 2026 तक की मासिक रैंकिंग में जालौन पुलिस ने लगातार दसवीं बार उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर अपनी उपलब्धि का परचम लहराया है। खास बात यह है कि जनपद के सभी 18 पुलिस थानों ने भी एक साथ प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। पुलिस विभाग की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में भी जालौन पुलिस ने जनवरी से अक्टूबर 2026 तक लगातार प्रदेश में द्वितीय स्थान बनाए रखा है। कानून व्यवस्था, महिला सुरक्षा, जघन्य अपराधों, हत्या, अपहरण और गैंगस्टर एक्ट से संबंधित मामलों में शिकायतों के शत-प्रतिशत निस्तारण के प्रयासों को इस उपलब्धि का प्रमुख आधार बताया गया है। वहीं, न्यायालयों में विचाराधीन महिला अपराध, हत्या, अपहरण, डकैती, एनडीपीएस, एससी-एसटी और पॉक्सो एक्ट सहित गंभीर आपराधिक मामलों में पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते दोषियों को कठोर सजा दिलाने की दिशा में भी बेहतर कार्य किया गया है। पुलिस के अनुसार, आईजीआरएस पोर्टल पर 94.57 प्रतिशत शिकायतकर्ता निस्तारण से संतुष्ट रहे। इसके साथ ही सीसीटीएनएस पोर्टल पर भी प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण और कार्यप्रणाली में सुधार पर जोर दिया गया। इस उपलब्धि पर सीसीटीएनएस (सीएम डैशबोर्ड) टीम को एक हजार रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जबकि प्रभारी आईजीआरएस उपनिरीक्षक रणधीर सिंह को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत ने कहा कि आमजन की शिकायतों का पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि जनता की प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उसका निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें।

पुरानी रंजिश में घर में घुसकर मारपीट, बाजार में भी घेरकर पीटा; पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

कासिमपुर, हरदोई। थाना क्षेत्र के जरहा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पांच लोगों पर घर में घुसकर परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट और गाली-गलौज करने के साथ ही बाजार में घेरकर लाठी-डंडों से हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांचों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जरहा निवासी दौलत राम सक्सेना पुत्र नन्दलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सात नवंबर की सुबह करीब 9:30 बजे गांव के अरमान, तौफीक, तौकीर, सलमान और तौसीर उनके घर में घुस आए। आरोप है कि सभी ने उनके साथ ही उनकी मां विलासा और भाई नेकराम के साथ मारपीट करते हुए गाली-गलौज की। पीड़ित के अनुसार, मामला यहीं शांत नहीं हुआ। अगले दिन आठ नवंबर की शाम करीब 5:30 बजे जब वह जरहा बाजार में मौजूद थे, तभी आरोपियों ने उन्हें घेर लिया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में दौलत राम को चोटें आईं। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए।

प्रेम संबंध के बाद ब्लैकमेलिंग और जान से मारने की धमकी देने का आरोप, युवक ने पुलिस से लगाई सुरक्षा की गुहार

मोबाइल पर रुपये भेजने और परिवार की छवि खराब करने की धमकी देने का भी आरोप, दिव्या और नीरज समेत अन्य के खिलाफ कार्रवाई की मांग

अमन लेखनी समाचार



जालौन। एक युवक ने प्रेम संबंध के बाद ब्लैकमेलिंग और जान से मारने की धमकी दिए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। युवक का आरोप है कि करीब दो वर्ष पहले उसका कानपुर देहात जिले के थाना बरौर क्षेत्र के ग्राम मुरली जलालपुर निवासी दिव्या पुत्री अवधेश कुमार से प्रेम संबंध था। प्रेम संबंध के चलते दिव्या उसके साथ रहने लगी थी। युवक के मुताबिक अब उसका दिव्या से कोई संबंध नहीं है और न ही उसका उससे कोई सरोकार रह गया है। इसके बावजूद दिव्या उस पर रुपये देने का दबाव बना रही है और ब्लैकमेल कर रही है। आरोप है कि दिव्या और नीरज सहित अन्य लोग उसके परिवार की छवि खराब करने की धमकी दे रहे हैं। युवक ने यह भी आरोप लगाया कि दिव्या के मोबाइल पर पहले दस टका रुपये भेजे गए थे और अब इसी मामले को लेकर उसे परेशान किया जा रहा है। पीड़ित ने अपनी जान को खतरा बताते हुए आशंका जताई है कि दिव्या और नीरज उसकी हत्या भी करवा सकते हैं। उसने पुलिस से मामले की जांच कर दिव्या, नीरज और अन्य संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के साथ ही अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है।

पूर्व जिलाध्यक्ष डा. जगदीश सिंह चौहान को बनाया गया महरौनी विधानसभा प्रभारी

क्षेत्र के लोगों में दौड़ी खुशी की लहर, कार्यकताओं ने बांटी मिठाईयां

अमन लेखनी समाचार



गुरसराय (झांसी)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की प्रबल संस्तुति पर क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू द्वारा कुरैठा निवासी पूर्व जिलाध्यक्ष एवं बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड उत्तर प्रदेश सरकार के सदस्य डा. जगदीश सिंह चौहान को जिला ललितपुर की महरौनी (सुरक्षित) विधानसभा सीट का प्रभारी बनाया गया। इस अवसर पर डा. जगदीश सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा एक अनुशासित पार्टी है यहां प्रत्येक कार्यकर्ता को कार्य करने का अवसर दिया जाता है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन को मजबूती प्रदान कर पार्टी के उद्देश्यों को जन जन तक पहुंचाने के लिए कार्य करे। हर्ष व्यक्त करने वालों में भाजपा जिला महामंत्री बद्री प्रसाद त्रिपाठी, बामौर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि केशव सिंह परिहार कुरैठा, बामौर ब्लाक प्रमुख चन्द्रभान सिंह अहिरवार, हरी प्रकाश खरे, राजू कछवाह धनौरा, गोविन्द प्रताप सिंह सिया, राजेश सिंह गुड्डू चौहान, अभिषेक प्रताप सिंह, गौरी शंकर सोनी, मानवेन्द्र सिंह माना प्रधान, रामनारायण पस्तोर, अवधेश सिंह फौजी, पंकज सिंह परमार, नृपेन्द्र सिंह चौहान बंजारे बामौर, योगेश प्रताप सिंह चौहान, पवन स्वामी, गोल्डी चंदेल, देवराज सिंह चौहान, दिव्यांशु प्रताप सिंह चौहान, धीरेन्द्र राय, एम एस गौर, मोनू महाराज, गोलू तोमर, बड़कू तोमर, पुल्ले तोमर, शिवम परिहार, निहाल सिंह, गिल्ले ठेकेदार, दगपाल सिंह भदौरिया, रिंकू तोमर, श्रीराम विश्वकर्मा, माखन बघेल, भगवान दास शिवम टनटन गंज, सुमित पांचाल, देशराज पाल, अवधेश चंदेल, अनिल सोमवंशी, मानिक लाल नापित, रिंकू गुप्ता सहित आदि लोग शामिल रहे।

पुलिस ने अवैध बालू खनन कर रहे दो ट्रैक्टर दबोचे

अमन लेखनी समाचार

गरौठा, झांसी।पुलिस क्षेत्राधिकारी पीयूष कुमार पांडेय एवं कोतवाली प्रभारी रावेंद्र मिश्र के द्वारा अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली की ग्राम गोहना की लखेरी नदी मै दो ट्रैक्टरों द्वारा नदी से अवैध खनन कर ट्राली में बालू भर रहे हैं। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी हमराही पुलिस बल के साथ पहुंचे तो कुछ लोग दो ट्रैक्टर ट्राली में नदी की बालू भर रहे थे पुलिस को देखकर वह लोग मौके से भाग गए इसी दौरान गांव से काफी महिला व पुरुष मौके पर आए एवं ट्रैक्टर ट्राली को सीज करने व कोतवाली लाने में विरोध करने लगे इसके संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने पीआरबी 5720 को मौके पर बुलाया एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी को दूरभाष के जरिए सूचना दी गयी। पुलिस द्वारा दोनों ट्रैक्टरों को कोतवाली लाया गया और उन्हें धारा 207 एमबी एक्ट के तहत सीज कर दिया गया एवं अवैध लदी बालू के संबंध में संबंधित विभाग को सूचना प्रेषित कर दी गई। अवैध खनन के खिलाफ पुलिस की कार्यवाही में एसआई मदनपाल, ज्ञानेंद्र सिंह पटेल, कुमार प्रतीक, प्रशांत सिंह, रामचंद्र, पुलिस कांस्टेबल राजेश राजपूत, पीसी सत्यपाल, चालक जितेंद्र कुमार, शशांक मिश्रा महेंद्र प्रताप सोलंकी, अभिषेक कुमार राणा, अमन निर्मल, मानसिंह यादव अमरेंद्र पटेल, अखिलेश कुमार महिला कांस्टेबल पारुल, शिखा, नैंसी, विशुना, चीता मोबाइल से आलोक सिंह, अनुराग पांडे, देवांश कुमार शुक्ला सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

कार्यालय नगर पंचायत गरौठा (झाँसी)

पत्र संख्या-473/न०पं० गरौठा अल्प०नि०सू० (2025-26) दिनांक-10/11/2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि 02 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क के अन्तर्गत कार्य हेतु दिनॉक 21/11/2026 को समय 02:00 बजे अपरान्ह तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा उसी दिन कार्यालय नगर पंचायत गरौठा में उपस्थित होकर ठेकेदारों के समक्ष खोली जावेगी। उक्त निविदा नगर पंचायत गरौठा कार्यालय से दिनांक 20/11/2026 को समय 12:00 बजे दिन तक निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र के साथ 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि की एफ.डी. आर. अथवा एन.एस.सी. के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा, जो अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत गरौठा के पदनाम से बंधक होना चाहिये। सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी। नियमानुसार अनुरक्षण का उत्तरदायित्व सम्बंधित ठेकेदार का होगा, तथा अन्य शर्तें व कार्य का विवरण कार्यालय दिवस में देखी व पढ़ी जा सकती है। कार्यों का विवरण निम्न प्रकार है।

क्र सं.	कार्य का नाम	आगणन धनराशि (लाख में०)	धरोहर धनराशि 10%	निविदा प्रपत्र मूल्य	कार्य पूर्ण करने का समय
01	नगर पंचायत गरौठा के अन्तर्गत मोहल्ला राजेन्द्र नगर में गरौठा-मढ़ा मुख्य सड़क से बड़ी माता मन्दिर की ओर एपेक्स रोड एवं नाली निर्माण का कार्य।	3.97	39700.00	400.00	01 माह

(धर्मेन्द्र कुमार वाजपेयी)
लेखा लिपिक
नगर पंचायने गरीठा (झॉसी)

(लालधर सिंह यादव)
उपजिलाधिकारी (न्यायिक) गरोठा
अधिशाषी अधिकारी न.प.ग.

(अरुण कुमार मिश्रा)
अध्यक्ष
नगर पंचायने गरीठा (झॉसी)

किसान ने जमीन पर अवैध कब्जा करके निर्माण कार्य करने का लगाया आरोप

एसडीएम, सीओ और थाना ककरवई में प्रार्थना पत्र देकर पीड़ित ने लगाई निर्माण रुकवाने की गुहार

अमन लेखनी समाचार



ककरवई (झांसी) तहसील गरौठा क्षेत्र के थाना ककरवई अंतर्गत ग्राम खरका में किसान की जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने गांव के ही कुछ लोगों पर जबरन कब्जा कर निर्माण कराने का आरोप लगाते हुए एसडीएम, सीओ एवं थाना ककरवई में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम खरका निवासी बारेलाल यादव, महीपत और रामाधार पुत्रगण सुल्ली के अनुसार मौजा खरका स्थित भूमि संख्या 1169 उनकी भूमिधरी जमीन है। आरोप है कि गांव के गोरेलाल, रूपराम, मेघनाथ और नरोत्तम उक्त भूमि पर जबरन कब्जा कर निर्माण कार्य करा रहे हैं। पीड़ितों का कहना है कि उन्होंने निर्माण कार्य रुकवाने के लिए न्यायालय से स्थगन आदेश (स्टे) भी प्राप्त कर रखा है, इसके बावजूद आरोपी दिन और रात के अंधेरे में निर्माण कार्य शुरू कर देते हैं। वहीं, मामले में थानाध्यक्ष ककरवई योगेंद्र सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश के अनुपालन में निर्माण कार्य रुकवा दिया गया है। यदि कोई व्यक्ति अवैध तरीके से कार्य करेगा तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक-
श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक -
रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com

अगर आपको डायबिटीज है तो इसके कुछ लक्षण आपके हाथ और पैर में भी दिख सकते है। इन लक्षणों के बारे में आपको जरूर जानना चाहिए। इससे आपको इसकी पहचान करने में हेल्प मिलेगी।

हाथ-पैर में भी दिखते हैं डायबिटीज के लक्षण

प्रिकॉशन

रजनी अरोड़ा



हालांकि डायबिटीज को कई लक्षणों से पहचाना जा सकता है। लेकिन कुछ लक्षण ऐसे भी हैं, जो पेशेंट के हाथ-पैर में दिखाई पड़ते हैं। इनके बारे में आपको सजग रहना चाहिए।

पैरों में डायबिटिक लक्षण: डायबिटीज में पैर सबसे पहले और सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। शरीर में पैर, दिल से सबसे दूर होते हैं, वहां की नसें सबसे लंबी और बारीक होती हैं। गाढ़ा खून और ग्लाइकेशन बारीक नलियों को क्षतिग्रस्त करते हैं, जिससे पैरों तक ऑक्सीजन और पोषण कम पहुंचता है और घाव भरना मुश्किल हो जाता है। शुगर, नसों की सुरक्षा परत (मायलिन शीथ) को कमजोर कर देती है, जिससे दिमाग तक संदेश ठीक से नहीं पहुंचते और डायबिटिक न्यूरोपैथी की स्थिति आ जाती है। इससे कई लक्षण दिख सकते हैं।

झुनझुनी महसूस होना: ऐसा लगना जैसे तलवों या अंगुलियों पर चींटियां चल रही हों। शुरुआत में यह लक्षण आता-जाता रहता है, इसलिए लोग इसे थकान, बैठने से पैर सोना या विटामिन की कमी समझकर टाल देते हैं। यह नसों के क्षतिग्रस्त होने का सबसे शुरुआती संकेत है।



सुई जैसी चुभन: तलवों में जलन, सुई जैसी चुभन या अचानक बिजली के झटके जैसा एहसास। यह अकसर रात में बढ़ जाता है। जब नसें खराब होने लगती हैं।

चादर के वजन से भी दर्द: रात को पैरों पर हल्की चादर रखने से भी दर्द या जलन हो, तो यह संकेत बताता है कि नसें प्रभावित हैं।

सुन्नपन: पैरों में छूने का एहसास कम हो जाना, जैसे मोजे पहने हों या जमीन महसूस न हो। यह सबसे खतरनाक अवस्थाओं में से है, क्योंकि जब दर्द महसूस नहीं होता, तो चोट, कंकड़, जूते की रगड़ या छाले का पता ही नहीं चलता। छोटी चोट बड़ा घाव बन सकती है।

घाव का ठीक न होना: पैर का कोई कट या छाला 10-12 दिन बाद भी न भरे, लाल रहे या उससे पानी निकले, तो यह खतरे की घंटी है। ज्यादा शुगर, श्वेत रक्त कोशिकाओं को सुस्त कर देती है और बैक्टीरिया को पनपने का मौका देती है। सुन्नपन के साथ यह मिलकर पैर के अल्सर का कारण बन सकता है, जो गंभीर मामलों में संक्रमण फैलने और अंग काटने तक का रिस्क हो सकता है।

सूखी त्वचा-फटी एड़ियां: नसों के खराब होने से पसीना आना कम हो जाता है, जिससे पैरों की त्वचा बहुत रूखी हो जाती है और एड़ियां गहरी फटने लगती हैं।

त्वचा के रंग में बदलाव: पैरों और टखनों पर त्वचा का पतला, चमकदार या भूरा-काला पड़ना, पैरों के बाल झड़ना और पैर ठंडे रहना खून के कम बहाव के संकेत हो सकते हैं।

हाथों में डायबिटिक लक्षण: डायबिटीज होने के कुछ लक्षण हाथों में भी दिखते हैं। अंगुलियों के जोड़ों की त्वचा बाकी हाथ से ज्यादा काली, मोटी, मखमली या खुरदरी दिख सकती है, तो यह टैनिंग या गंदगी नहीं, इंसुलिन रेजिस्टेंस का संकेत है। इंसुलिन ज्यादा होने पर यह त्वचा की कोशिकाओं को तेजी से बढ़ने का सिग्नल देता है। ऐसे निशान गर्दन, बगल और जांघों में भी दिख सकते हैं।

त्वचा पर टैग्स बनना: गर्दन, पलकों, बगल और अंगुलियों के आस-पास त्वचा की छोटी-छोटी लटकन जैसी संरचनाएं बनने को स्किन टैग्स कहते हैं। इनकी संख्या तेजी से बढ़ना इंसुलिन रेजिस्टेंस से जुड़ा हो सकता है।

बढ़ी डायबिटीज के संकेत: दोनों हथेलियां प्रार्थना की मुद्रा में जोड़ने पर अगर अंगुलियों या हथेलियों के बीच खासकर छोटी अंगुली के पास गैप दिखे, तो इसे नजरअंदाज न करें। इसे डायबिटिक हैंड सिंड्रोम भी कहते हैं।

अंगुलियों का अकड़ना: सुबह उठने पर मुट्ठी बनाने या अंगुलियां सीधी करने में परेशानी होना, अंगुली का मुड़कर अटक जाने को ट्रिगर फिंगर कहते हैं। यह भी डायबिटीज का लक्षण हो सकता है। *

(डायबिटीज एक्सपर्ट-डॉ. संजय कालरा से बातचीत पर आधारित)

बदलती जीवनशैली, खान-पान की गलत आदतों और एक्सरसाइज या शारीरिक सक्रियता की कमी के कारण हाल के वर्षों में देश में डायबिटीज के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। ऐसी समस्या से बचाव के लिए आपको किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, डायबिटिक पेशेंट्स क्या सावधानी बरतें और इसके प्रमुख लक्षण क्या हैं, इन सभी के बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर दे रहे हैं बहुत यूजफुल सजेशंस।

डायबिटीज से बचाव के लिए बनें सजग-रहें सुरक्षित

डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. दीपेंद्र कपूर

एमबीबीएस-एंडोक्राइनोलॉजी

ऑर्टिज हॉस्पिटल, गुरुग्राम



भारत में डायबिटीज के बढ़ते मामलों की गंभीरता का अंदाजा वर्ष 2025 में जारी डायबिटीज एटलस की रिपोर्ट से लगाया जा सकता है। इसके अनुसार भारत में 20 से 79 वर्ष की आयु के लगभग 9 करोड़ लोग इस समस्या से पीड़ित थे। इसके अलावा लगभग 13.6 करोड़ लोग प्री-डायबिटीज की स्थिति में थे। प्री-डायबिटीज वह शारीरिक अवस्था है, जिसमें जब ब्लड में शुगर लेवल सामान्य से थोड़ा अधिक होता है, लेकिन वह डायबिटीज की स्थिति तक नहीं पहुंचता। ऐसे लोगों में भविष्य में डायबिटीज होने की आशंका बनी रहती है। इन आंकड़ों की गंभीरता को समझते हुए अगर स्वस्थ लोग भी शुरू से ही अपनी सेहत के प्रति सजगता बरतें तो आसानी से डायबिटीज की समस्या से बचाव संभव हो पाएगा।

क्यों बढ़ रही है समस्या

पिछले दो से तीन दशकों में लोगों की जीवनशैली पूरी तरह बदल गई है। पहले लोग रोजमर्रा के सारे काम-काज खुद करते थे, शारीरिक श्रम उनकी दिनचर्या में शामिल था, इसलिए हमेशा चुस्त-दुरुस्त रहते थे। लेकिन समय के साथ सभी कार्यों के लिए अत्याधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल होने लगा, इससे पहले की तुलना में जिंदगी ज्यादा आरामदेह हो गई और लोगों के श्रम की बचत होने लगी, लेकिन कुछ वर्षों के बाद लोगों की सेहत पर इसका बुरा असर नजर आने लगा। लगातार लंबे समय तक एक ही जगह पर बैठकर काम करना, मिठाइयों, कोल्ड ड्रिंक्स और जंक फूड का अधिक मात्रा में सेवन करना, छोटी दूरी तक जाने के लिए भी पैदल के बजाय वाहन का इस्तेमाल करना, एक्सरसाइज न करना, सीढ़ियों के बजाय लिफ्ट का इस्तेमाल, ऐसी आदतों के कारण व्यक्ति जो भी खाता है, उससे बनने वाली कैलोरी बर्न होने के बजाय शरीर में जमा होने लगती है, जिससे पेट के आस-पास चर्बी एकत्र हो जाती है और व्यक्ति का वजन बढ़ने लगता है। ऐसी जीवनशैली इंसुलिन रेजिस्टेंस के खतरे को बढ़ा देती है। इसके अलावा देर रात तक मोबाइल पर रील्स देखने की आदत से होने वाली अनिद्रा की समस्या, अति व्यस्त दिनचर्या के कारण पैदा होने वाला तनाव और इस बीमारी की फैमिली हिस्ट्री यानी आनुवंशिकता जैसे कारणों से आजकल हर आयुवर्ग के लोगों में इस बीमारी के लक्षण नजर आने लगे हैं और इसके मरीजों की तादाद तेजी से बढ़ने लगी है।

कैसे पहचानें लक्षणों को

बार-बार गला सूखना, प्यास लगना, रात में टॉयलेट जाने के लिए कई बार नींद खुलना, ज्यादा भूख लगना, बेवजह थकान और सुस्ती महसूस होना, दृष्टि में धुंधलापन, पैरों में झनझनाहट, ज्यादा भूख लगना, बिना डाइटिंग या एक्सरसाइज के वजन का लगातार घटना जैसे लक्षण दिखाई दें तो आपको सचेत हो जाना चाहिए। कई बार शुरुआती दौर में डायबिटीज टाइप-2 के कोई लक्षण नजर नहीं आते। इसलिए, अगर कोई समस्या न हो तो भी हर तीन-चार महीने के अंतराल में शुगर लेवल की जांच कर लेनी चाहिए। अगर सुबह खाली पेट शुगर लेवल 130 से ज्यादा और खाने के 2 घंटे के बाद 180 से अधिक हो तो यह इस बात का संकेत है कि व्यक्ति को डायबिटीज की समस्या है। इसी तरह अगर किसी व्यक्ति का एचबीए1सी (हर तीन महीने के अंतराल पर की जाने वाली लंबी शुगर लेवल की जांच) 5.7 से 6.4 के बीच हो तो उसे प्री-डायबिटिक की श्रेणी में रखा जाता है, यानी यदि समय रहते खान-पान और दिनचर्या में सुधार नहीं लाया गया तो ऐसे व्यक्ति को यह बीमारी बहुत आसानी से अपनी गिरफ्त में ले सकती है। अगर किसी व्यक्ति का एचबीए1सी 6.5 से अधिक हो तो उसे डायबिटिक माना जाता है। ऐसी स्थिति में नियमित रूप से एंडोक्राइनोलॉजिस्ट से जांच कराने के साथ उसके सभी निर्देशों का पालन करना जरूरी हो जाता है।

डायबिटिक पेशेंट्स रखें ध्यान

डायबिटीज के मरीजों को अपने भोजन में मिलेट्स यानी ज्वार, बाजरा, रागी, सवां और कंगनी जैसे मोटे अनाजों को प्रमुखता से शामिल करना चाहिए। सिट्रस यानी संतरा, मौसंबी, नीबू और चकोतरा जैसे खट्टे फलों का सेवन भी फायदेमंद होता है। ऐसे मरीजों को जूस पीने के बजाय सीधे फलों का सेवन करना चाहिए, क्योंकि फलों का जूस तेजी से शुगर लेवल को बढ़ा देता है। हरी पत्तेदार सब्जियों, दालों, स्प्राउट्स, सनू, बादाम, अखरोट और अलसी, कद्दू, खरबूजे, सूरजमुखी के बीजों का सेवन भी फायदेमंद होता है। आम, लीची, केला और चीकू जैसे फलों से दूर रहें। एक ही बार में ज्यादा खाने के बजाय हर 2 घंटे के अंतराल पर थोड़ा-थोड़ा खाएं। मल्टी ग्रेन आटे की रोटियां और ब्राउन राइस का सेवन करें। चावल उबालने के बाद उसका मांड निकालकर फेंक दें। नियमित रूप से योग, एक्सरसाइज के अलावा रोजाना सुबह-शाम आधे घंटे तक वॉक जरूर करें। संतुलित डाइट और शारीरिक गतिविधियों से बढ़ते वजन को नियंत्रित रखें। डॉक्टर की सलाह के बिना अपने मन से दवा की खुराक में कोई बदलाव न लाएं। ऐसे मरीजों में कई बार अचानक शुगर लेवल घट जाता है, ऐसी स्थिति से उबरने के लिए मरीज को अपने पास टॉफी रखनी चाहिए।।



कई अंगों पर पड़ता है दुष्प्रभाव

- पैरों की नसों में सुन्नपन, झनझनाहट और दर्द, कई बार एड़ियां बुरी तरह फटने लगती हैं।
- ऐसे मरीजों के हार्ट की धमनियों में बैड कोलेस्ट्रॉल जमा होता है, जिससे हार्ट अटैक की आशंका बढ़ जाती है।
- आंखों का रेटिना प्रभावित होता है और इससे अचानक आंखों की दृष्टि कम होने लगती है।
- किडनी की कार्यक्षमता कमजोर पड़ने जाती है, इससे किडनी से प्रोटीन का लीकेज होने लगता है और गंभीर स्थिति में किडनी फेल्योर की भी समस्या हो सकती है।
- गला सूखने और मसूड़ों में संक्रमण की भी आशंका बनी रहती है।
- त्वचा पर अनावश्यक रूखापन या सिरोसिस जैसे लक्षण दिखते हैं।
- अगर त्वचा पर कोई भी खरोंच या चोट लग जाए तो उससे बनने वाले घाव को भरने में ज्यादा समय लगता है। इसलिए ऐसे किसी भी लक्षण को मामूली समझकर अनदेखा न करें। अगर इनमें से कोई भी लक्षण नजर आए तो बिना देर किए डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

स्वस्थ व्यक्ति ऐसे करें बचाव

अगर आपका शुगर लेवल सामान्य है तो इसका मतलब यह नहीं है कि आप असंतुलित खान-पान और अनियमित दिनचर्या अपनाएं। भविष्य में ऐसी समस्या से बचाव के लिए अभी से ही आपकी कोशिश यही होनी चाहिए कि आप अपनी डाइट में चीनी का इस्तेमाल कम से कम करें। घी, तेल, चीनी, मैदा और जंक फूड से दूर रहें। सादा और संतुलित खान-पान अपनाएं। आपकी डाइट में फाइबर, विटामिंस और प्रोटीन की मात्रा अधिक होनी चाहिए। इसके लिए ज्वार, बाजरा और रागी जैसे सभी मोटे अनाजों को अपनी डाइट में प्रमुखता से शामिल करें। हरी सब्जियों और मौसमी फलों का सेवन करें। *

प्रस्तुति: विनीता



बच्चों में बढ़ता खतरा

सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि अपेक्षाकृत कम उम्र के बच्चों में भी डायबिटीज के लक्षण नजर आने लगे हैं। पहले कुछ बच्चों में डायबिटीज टाइप-1 के लक्षण नजर आते थे, लेकिन आजकल खान-पान की गलत आदतों और लापरवाही भरी जीवनशैली के कारण बच्चे चॉकलेट, केक-पेस्ट्री, पिज्जा, बर्गर और सॉफ्ट ड्रिंक्स जैसी चीजों का सेवन बहुत ज्यादा करते हैं। पार्क में जाकर आउटडोर खेलने-कूदने के बजाय घर के अंदर घंटों मोबाइल के साथ वक्त बिताते हैं। खान-पान की गलत आदतों और फिजिकल एक्टिविटीज की कमी के कारण आजकल शहरों में रहने वाले अधिकतर बच्चे ओबेसिटी के शिकार हो रहे हैं और इसी वजह से उनमें जुवेनाइल डायबिटीज की समस्या बढ़ रही है। बच्चों को ऐसी समस्या से बचाने के लिए शुरू से ही अपने परिवार में सहज खान-पान की आदतें विकसित करें। संभव न दिखे तो पहले अगर उन्हें हल्की भूख लगे तो उस दौरान मनोवैज्ञानिक तौर पर उन्हें चॉकलेट, केक्स जैसी चीजें देने के बजाय मौसमी फल, ड्राय फ्रूट्स और जेनुइन मखाने जैसी चीजें खिलाएं।

सजेशन

शिखर चंद जैन

मन को एकाग्र रखे माइंडफुलनेस

हमारा शरीर अकसर वहीं होता है, जहां हम मौजूद होते हैं, लेकिन हमारा मन, कई बार बीते कल की किसी घटना, आने वाले कल की चिंता या मोबाइल की अगली सूचना में उलझा रहता है। हम खाना खाते हुए स्क्रीन देखते हैं, चाय पीते हुए काम की चिंता करते हैं और चलते हुए भी मन में दस योजनाएं बनाते रहते हैं। ऐसे में माइंडफुलनेस यानी सजगता हमारे जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती है।

क्या है माइंडफुलनेस: माइंडफुलनेस का अर्थ किसी विशेष मुद्रा में बैठना या विचारों को जबरन रोक देना नहीं है। इसका सरल अर्थ है, इस क्षण में पूरी तरह उपस्थित होना। सांस भीतर जा रही है तो उसका अनुभव करना, हाथ में चाय है तो उसकी गर्माहट महसूस करना और चलते समय अपने कदमों की गति को जानना। माइंडफुलनेस जीवन में कुछ नया जोड़ने से अधिक, पहले से मौजूद जीवन को सचमुच देखने को कला है। ठीक यही बात चलते समय भी लागू होती है। एक कदम जमीन पर पड़ता है, फिर दूसरा। शरीर आगे बढ़ता है और मन उसके साथ रहता है। कुछ मिनटों की ऐसी सजग चाल भी हमें अपने शरीर और वर्तमान से दोबारा जोड़ सकती है।



शोध से हुआ साबित: 2024 में नेचर ह्यूमन बिहेवियर में प्रकाशित 37 अलग केंद्रों और 2,239 प्रतिभागियों वाले बड़े अध्ययन में पाया गया कि स्वयं किए जाने वाले छोटे माइंडफुलनेस अभ्यास तनाव कम करने में प्रभावी हो सकते हैं। 2024 की एक अन्य मेटा-विश्लेषण समीक्षा में 111 अध्ययनों और 9,538 प्रतिभागियों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया। इसमें माइंडफुलनेस आधारित कार्यक्रमों से समग्र संज्ञानात्मक क्षमता, ध्यान, मेमोरी और निरंतर एकाग्रता जैसे कुछ क्षेत्रों में छोटे से मध्यम स्तर के सकारात्मक प्रभाव मिले। तनाव कम करने में माइंडफुलनेस का प्रभाव केवल मन की बात नहीं है। इसके पीछे तनाव से जुड़ी मनोवैज्ञानिक और शारीरिक प्रक्रियाओं में बदलाव की भूमिका हो सकती है। वैज्ञानिक कहते हैं कि हालांकि इसका अर्थ यह नहीं कि माइंडफुलनेस हर समस्या का इलाज है। बल्कि यह हमारे पास उपलब्ध एक मानसिक प्रशिक्षण है, जिसे नियमित अभ्यास से मजबूत किया जा सकता है।

ऐसे करें शुरुआत: शुरुआत में दिन में केवल तीन मिनट आंखें बंद करें। सांस को बदलने की कोशिश न करें। बस महसूस करें, सांस आ रही है, सांस जा रही है। विचार आएं तो उन्हें रोकें नहीं। बस पहचानें और धीरे से ध्यान सांस पर वापस ले आएं। फिर कभी चाय पीते समय केवल चाय पीजिए। चलते समय केवल चलिए। बच्चे से बात करते समय केवल बच्चे के साथ रहिए। *

फ्रॉड एसआईआर भंग करें

अब धीरे-धीरे साबित हो रहा है कि मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण के नाम पर जो विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) किया गया अथवा अब भी जारी है, वह गलत, विरोधाभासी और फ्रॉड है। अब सत्ताधारी भाजपा भी इसका शिकार हो रही है। जिन 13 राज्यों, संघशासित क्षेत्रों में एसआईआर किया जा चुका है, वहां भी यह प्रक्रिया फ्रॉड करार दी गई है, लेकिन उसे विपक्ष का राजनीतिक प्रलाप मान लिया गया। अब उप्र के भाजपाई मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वोट चोरी तो नहीं कहा, लेकिन सवाल उठाया है कि विधानसभा की मतदाता सूची में 16 करोड़ से अधिक नाम होने चाहिए, लेकिन 13 करोड़ नाम ही हैं। ऐसा क्यों है? हम असल आंकड़ा बता देते हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, उप्र के पंचायत, नगर निकाय की मतदाता सूची में 16.90 करोड़ से अधिक नाम हैं, जबकि विधानसभा सूची में 13.56 करोड़ से अधिक मतदाताओं के नाम हैं। अंतर 3.34 करोड़ मतदाताओं का है। यह गंभीर और जनादेश को प्रभावित करने वाला अंतर है। मुख्यमंत्री ने यह भी चिंता जताई है कि सूची से 1.27 करोड़ हिंदुओं के नाम गायब हैं। पंचायत सूची में दर्ज करीब 66 लाख वोटर और सरकारी योजनाओं के करीब 55 लाख लाभार्थियों के नाम और 18-19 साल के करीब 4.50 लाख मतदाताओं के नाम सूची में नहीं जोड़े गए हैं। सवाल यह नहीं होना चाहिए कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इन आंकड़ों की जानकारी कैसे मिली? क्या इससे चुनाव आयोग और भाजपा की सांठगांठ साबित होती है? संवेदनशील और संवैधानिक सवाल यह किया जाना चाहिए कि इतने व्यापक स्तर पर मताधिकार कैसे छीना जा रहा है? और केंद्र सरकार एसआईआर के समर्थन में राजनीति क्यों कर रही है? अब चुनाव आयोग उप्र में पंचायत, नगर निकाय और विधानसभा की तीनों मतदाता सूचियों का मिलान कर रहा है! यह कवायद बिहार, बंगाल से लेकर तमिलनाडु और केरल तक के राज्यों में नहीं की गई! यहां तक कि महाराष्ट्र, हरियाणा, मप्र, राजस्थान में भी नहीं कराई गई, जहां भाजपा सरकारें हैं! क्या 1.27 करोड़ मतदाताओं को भी घुसपैठिए करार दिया जा सकता है? देश भर में अभी तक 3 करोड़ से कुछ अधिक ऐसे नाम सामने आए हैं, जो मतदाता घर पर नहीं मिले अथवा बार-बार प्रयास करने के बावजूद उनसे संपर्क नहीं हो सका, लिहाजा उन 3 करोड़ नामों को गृहमंत्री अमित शाह ने घुसपैठिए घोषित कर दिया था। उप्र में गृहमंत्री कभी भी ऐसा नहीं करेंगे, क्योंकि भाजपा हिंदू मतदाताओं को तो अपना वोट बैंक मानती है। गौरतलब यह है कि उप्र में जो जिले, इलाके भाजपा के गढ़ माने जाते रहे हैं और पार्टी वहां से लगातार जीतती रही है, वहां औसतन 20 फीसदी मतदाता काट दिए गए हैं। यहां कोई तार्किक विसंगति नाम की चिडि?ा भी नहीं है। फिर भी हिंदू नाम गायब कर दिए गए हैं, यह बहुत बड़ी राजनीतिक घटना है। भाजपा जरूर चिंतित होगी! क्या मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता ऐसा दुस्साहस कर सकते हैं कि अपने आकाओं के वोट बैंक पर ही लाल लाइन फेर दें? हम इसकी कल्पना भी नहीं कर सकते। संभव है कि यह भाजपा के भीतर नेतृत्व की लड़ाई का परिणाम हो और योगी को तीसरी बार जीतने की राह में कांच बिछाए जा रहे हों! हमें यह संभावना भी खोखली लगती है, क्योंकि खुद प्रधानमंत्री मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उप्र से ही लोकसभा सांसद हैं। प्रसंगवश यह भी गौरतलब है कि मुस्लिम मतदाता 1.65 फीसदी बढ़ गए हैं, लिहाजा अखिलेश यादव सरीखे नेताओं ने अब एसआईआर पर बयानबाजी ही बंद कर दी है। मुख्यमंत्री उन्हें उकसा रहे हैं कि अब अखिलेश वोट चोरी और एसआईआर बंद करने का बयान दें।

मंच पर आर्थिक मंचन


मसला यह नहीं कि हिमाचल की आर्थिक सफलताएं किसके कक्ष में ज्यादा रहीं, बल्कि यह है कि किसने कितने प्रयास किए। बीबीएमबी परियोजनाओं के खाते से आ रही मुफ्त की बिजली के बाद चर्चा यह हो रही कि किस पार्टी ने किस लहजे में केंद्र से अपना हक वसूला है। बात आर्थिक सदाचार की भी है कि किसने चादर देख कर पांव पसारे। तरक्की के कई पहाड़ इस दौरान हिमाचली आंकड़ों की दुरुस्ती करते रहे। कभी सडकों से महरूम इलाके आज अगर फोरलेन के मुकाम तक पहुंच रहे हैं, तो इन करवटों में कई हाथ लगे होंगे। अब जिक्र विकास के साथ व्यवस्था परिवर्तन का है तो वर्तमान सरकार नई कमाई के पुराने स्रोत दुरुस्त कर रही है। सरकार का दावा है कि बीबीएमबी के रुके एरियर और किशाऊ बांध से बिना कुछ खर्चे ही हिमाचल को तीन हजार करोड़ की आमदनी होगी, तो यह संघर्ष अब राजनीति क्यों खोज रहा है। बेशक वर्षों की लड़ाई अब जाकर कमाई में बदली है, तो यह जिरह है, जोरजबरदस्ती नहीं। अगर अधिकारों की जंग इतनी आसान होती, तो अब तक हिमाचल रेजिमेंट बन चुकी होती। भाखड़ा और पौंग जलाशयों के विस्थापित न्याय प्राप्त कर चुके होते। वाटर सेस के अधिकार से राज्य के बजट को मजबूत कर चुके होते। पर्यावरणीय सुरक्षा के बदले आर्थिक भरपाई हो चुकी होती। ऐसा नहीं है कि किसी ने प्रयास नहीं किए। यह भी सही है कि अधिकारों के लिए प्रदेश की अगवाई में शांता दिल्ली पहुंचे और विभिन्न सरकारों ने सुप्रीम कोर्ट तक अधिकारों की जंग जारी रखी, लेकिन परिणामों की सुखद परिणति में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हाथ एक साथ चार सफलताएं आई हैं, तो वह अपनी सरकार के ढोल पीटेंगे ही।

डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एम्स

मॉर्निंग वॉक से जब हो आंखों में जलन की समस्या



मेरी उम्र 60 वर्ष है। सर्दियां शुरू होने के बाद जब भी मैं मॉर्निंग वॉक के लिए निकलता हूं, मेरी आंखों में जलन होने लगती है, कई बार सांस लेने में भी दिक्कत आती है। कृपया कोई उपाय बताएं?

-हरीश, रोहतक

इस समय कई शहरों में प्रदूषण काफी अधिक है। आप रोहतक में हैं। दिल्ली और हरियाणा के आस-पास के शहर भी प्रदूषण की चपेट में हैं। इसलिए आपको खास सावधानी रखनी चाहिए। सुबह के समय वॉक नहीं करना चाहिए, क्योंकि सुबह प्रदूषण का स्तर ज्यादा होता है। धूप निकलने के बाद आपको वॉक करना चाहिए। इसके साथ सबसे जरूरी बात है कि आप मास्क पहनकर ही वॉक पर जाएं। इस तरह आपको राहत मिलेगी।

मेरी उम्र 29 वर्ष है। सर्दियां शुरू होते ही मेरे बालों में डैंड्रफ की समस्या बढ़ जाती है। बाल रूखे भी हो जाते हैं। इससे बचने के लिए क्या करना चाहिए?

-करण, रायपुर

सबसे जरूरी बात यह है कि जिस पानी से आप नहाते हैं, वो कैसा है? वो पानी साफ होना चाहिए क्योंकि तमाम शहरों में पानी गंदा आता है। इससे भी बालों की सेहत पर फर्क पड़ता है लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि बाजार में मौजूद तरह-तरह के शैंपू, कंडीशनर का इस्तेमाल बगैर डॉक्टर से कंसल्ट किए ना करें। आप जहां रहते हैं, अगर वहां का पानी खारा है तो इस पानी से बाल नहीं धोने चाहिए। नॉर्मल पानी से ही बालों को धोना चाहिए।

मेरी उम्र 44 वर्ष है। कुछ दिनों से बार-बार बुखार और बदन दर्द हो रहा है। कृपया बताएं कि मैं क्या करूं?

-गौतम, बिलासपुर

इस समय मौसम चेंज हो रहा है। कई बार तापमान में उतार-चढ़ाव की वजह से वायरल इंफेक्शन होने की संभावना रहती है। आपको बुखार आ रहा है और शरीर में दर्द हो रहा है तो यह टाइफाइड के लक्षण भी हो सकते हैं, लेकिन बगैर जांच के कुछ भी कहना ठीक नहीं है। आप फिजिशियन से संपर्क करें। वे लक्षण देखकर जांच कराएंगे, जिससे कारण पता चलेगा और उसी के अनुसार ट्रीटमेंट शुरू होगा।

मेरी उम्र 37 वर्ष है। मैं पिछले साल से बीपी की दवा ले रहा हूं फिर भी मुझे बहुत गुस्सा आता है। मैं क्या करूं?

-सचिन, भोपाल

बीपी की दवा ले रहे हैं लेकिन उससे बीपी कम हो रहा है या नहीं, इस पर जरूर ध्यान देना चाहिए। क्योंकि कई बार देखा गया है कि लोग दवा लेते रहते हैं लेकिन उससे बीपी कम नहीं होता या फिर दवा लंबे समय से लेने से बॉडी उसे एक्सेप्ट कर लेती है और उसका लाभ नहीं होता है। इसलिए आप एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लें।

मेरी उम्र 55 वर्ष है। मेरा शुगर लेवल अप-डाउन होता रहता है। कृपया बताएं कि इसे कंट्रोल करने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?

-राजकिशोर, दुर्ग

ऐसे मामलों में दो बातें बहुत मायने रखती हैं। पहला, दवा का रेग्युलर सेवन और दूसरा, खान-पान सही होना यानी, शुगर के अनुसार डाइट लेना। अगर ये दोनों फॉलो करने के बाद भी आपका शुगर लो-हाई हो रहा है तो जरूर एक बार आपको डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए। हो सकता है कि दवा की डोज बढ़ाने की आवश्यकता हो।

मेरी उम्र 62 वर्ष है। मैं गैस की प्रॉब्लम से परेशान रहता हूं। इस वजह से भूख भी नहीं लगती है। प्लीज बताएं मुझे क्या करना चाहिए?

-राजेश, महासमुंद

अगर आपको गैस की प्रॉब्लम रहती है तो आपको खान-पान में ध्यान रखने की जरूरत है, क्योंकि आपकी पाचन क्रिया कहीं न कहीं प्रभावित हो रही है। खान-पान में आप सुबह हल्का नाश्ता करें, साथ में फल और जूस जरूर लें। दोपहर के खाने में छाछ-दही शामिल करें। साथ ही इस बात का ख्याल रखें कि गैस बनाने वाले फूड्स ज्यादा ना खाएं और खाने के बाद थोड़ा वॉक जरूर करें। *

प्रस्तुति: रिचा पांडे